आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 91- ● जबलपुर ● मंगलवार, 3 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



ईद मुबारक



परशुराम जयंती

## ईद की धूम

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी बधाई, अलग-अलग मस्जिदों में अदा की गई नमाज



**नई दिल्ली ।** पूरे देश में आज ईद-उल-फितर धूम-धाम से मनाई जा रही है। एक महीना रोजा रखने के बाद सोमवार शाम को लोगों को शव्वाल का चांद दिखाई दिया था, जिसके बाद ईद मनाई जा रही है। अलग-अलग मस्जिदों में लोग नमाज अदा कर रहे हैं, साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दे रहे हैं। अब लोग सेवइयां बांटकर और खाकर खुशियां मना रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट में लिखा कि ईद-उल-फितर की ढेर सारी शुभकामनाएं। यह शुभ अवसर हमारे समाज में एकजुटता और भाईचारे की भावना को बढ़ाए। सभी के बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं। वहीं राष्ट्पति रामनाथ कोविंद ने बधाई देते हुए कहा कि सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों-बहनों को ईद मुबारक! रमज़ान के पवित्र महीने के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार समाज में भाईचारे तथा सद्भावना को मजबूत करने का पावन अवसर है। ।

## ईद पर बोले बाइडन

### दुनिया में इस्लामोफोबिया के शिकार हैं मुसलमान



**वाशिंगटन ।** देश-दुनिया में आज ईद मनाई जा रही है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मुसलमानों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है, दुनिया भर में मुसलमानों को हिंसा का शिकार बनाया जा रहा है। मुसलमान हर दिन अमेरिका को मजबूत बना रहे हैं। इसके बावजूद वह चुनौतियों और कई तरह के खतरों का सामना करते हैं।बाइडन ने यह बात व्हाइट हाउस में ईद को लेकर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए राजदूत-एट-लार्ज के रूप में उन्होंने पहले मुस्लिम को नियुक्ति दी है। इस दौरान बाइडन ने कहा, आज के दिन हम उन सभी लोगों को याद करें जो इस दिन को मना नहीं सकते।

### फ्रांस ने पनडुब्बियों के लिए भारत के प्रोजेक्ट से खुद को किया बाहर

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय यूरोप के दौरे पर हैं जहां वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से भी मुलाकात करेंगे जिन्होंने हाल ही में फिर से चुनाव जीतकर राष्ट्रपति की कुर्सी बरकरार रखी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस की निर्धारित यात्रा से पहले, फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख नौसेना समूह ने घोषणा की है कि वह क्र-75 इंडिया प्रोजेक्ट में भाग लेने में असमर्थ है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में भारतीय नौसेना के लिए छह पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है।

## शराबी रेल ड्रायवर सड़क पर, यात्री हलाकान

### बिहार में घंटे भर रुकी रही रेलगाड़ी



**समस्तीपुर।** बिहार में शराबबंदी लागू है। फिर भी अक्सर लोग चोरी-छिपे शराब पीते हुए पकड़े जाते हैं। हद तो तब हो गई जब एक ट्रेन का ड्राइवर भी गाड़ी को स्टेशन पर खड़ीकर शराब पीने चला गया। उसने सैकड़ों पैसेंजर्स को परेशानी में डाल दिया और घंटेभर करीब स्टेशन पर हंगामा होता रहा। बाद में वह नशे की हालत में सड़क पर लेटा हुआ मिला तो दूसरे चालक के साथ ट्रेन को रवाना किया गया। घटना समस्तीपुर के हसनपुर रोड स्टेशन की है। जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।समस्तीपुर खगड़िया रेलखंड के हसनपुर रोड स्टेशन पर सोमवार को 05278 ट्रेन में सवार यात्रियों ने हंगामा किया। वजह थी ट्रेन के सहायक ड्राइवर कर्मवीर यादव का शराब प्रेम। स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही वह गाड़ी से उतर गया और कहीं निकल गया। कुछ देर में पता चला कि वह ट्रेन को रुकवाकर शराब पीने गया था। कर्मवीर ने इतनी शराब पी ली कि आते समय रास्ते में ही बेहोश होकर गिर गया। स्थानीय लोगों ने जब उसे उठाया ।तो वह बाजार मे ही हंगामा करने लगा। इससे सवारी ट्रेन करीब एक घंटे तक स्टेशन पर ही रुकी रही।इधर देर होने पर यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

## जूस में माजा कोल्ड ड्रिंक्स की डिमांड

**रीवा।** रीवा जिले के डभौरा नगर परिषद से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां पर पोस्ट ऑफिस में पदस्थ डाक अधिकारी ने एटीएम कार्ड लेने गए आवेदक से अनोखी मांग कर दी। डाक अधिकारी ने सरकारी नौकरी का धौंस दिखाते हुए आवेदक से माजा कोल्डड्रिंक मांगी। युवक तपती धूप में जब माजा लेने बाजार गया तो उसे बाजार में माजा नहीं मिला। जिसके बाद वह माजा की जगह फ्रूटी लेकर डाक अधिकारी के पास पहुंच गया। माजा नहीं मिलने से डाक अधिकारी भड़क गए और युवक को बिना एटीएम कार्ड दिए वापस लौटा दिया।

## पोस्टमास्टर की करतूत





अधिकारी द्वारा रिश्वत के तौर पर मांगी गई माजा का वीडियो पीड़ति ने अपने मोबाइल से बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यहां के रहने वाले भोलेनाथ पाण्डेय एटीएम कार्ड के लिए डभौरा नगर परिषद के डाक कार्यालय गए थे। जहां एसबीआई डभौरा में उनका खाता संचालित है। भोलेनाथ पाण्डेय का एटीएम डभौरा डाक विभाग में आया था उसमे शिवपुर की जगह डभौरा लिखा था। शिकायतकर्ता जब डाक विभाग में एटीएम लेने गए तो डाक विभाग के अधिकारी रामकरण आदिवासी ने सबसे पहले माजा, पानी और गुटखा की डिमांड कर दी। एटीएम कार्ड लेने पहुंचा युवक जब माजा लेने बाजार पहुंचा तो बाजार में उसे माजा नहीं मिला। इसके बाद वह माजा की जगह फरूटी लेकर आया, तो डाक अधिकारी उस पर भड़क गए।

## ईद पर कई जगह बवाल

# जोधपुर में भिड़े 2 समुदाय 4 पुलिस कर्मी घायल

## खरगोन में कर्फ्यू

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जोधपुर में सोमवार रात करीब 11:30 बजे झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने यहां के जालोरी गेट चौराहे पर देर रात जमकर पत्थरबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर भीड़ को खदेड़ना शुरू किया।इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो एक समुदाय की ओर से पुलिस पर भी पथराव हुआ। इसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मंगलवार सुबह जोधपुर जालोरी गेट इलाके में भीड़ को खदेड़ती पुलिस।



मंगलवार सुबह जोधपुर जालोरी गेट इलाके में भीड़ को खदेड़ती पुलिस।

मंगलवार सुबह एक समुदाय के लोग फिर से जालौरी गेट पहुंचे और हंगामा फैलाया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तीतर-बीतर किया। देर रात से ही जालोरी गेट और ईदगाह इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। इलाके में देर रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है।जोधपुर के पुलिस कमिश्नर नवज्योति गोगोई ने बताया कि, हालात पूरी तरह से नियंत्रण में है और हम लोग फ्लैग मार्च के लिए भी निकल रहे हैं। किसी भी पुलिसकर्मी को गंभीर चोटे नहीं आई है। हम दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। यहां धारा 144 लगा दी गई है। घटना के बाद सीएम अशोक गहलोत ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, प्रशासन को भी हर कीमत पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### अनंतनाग में नमाज के बाद सुरक्षाबलों पर पथराव

#### नमाज के बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना पर फेंके पत्थर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आज सुबह पथराव की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, यहां ईद की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर पत्थरबाजी हुई। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पत्थर फेंके। पुलिस ने बताया कि फिलहाल हालात काबू में है।

#### खरगोन हिंसा के 22 दिन बाद भी तनाव

खरगोन दंगों के 22 दिन बाद आज कर्फ्यू के बीच ही त्योहार मनाए जा रहे हैं। सोमवार देर शाम को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने तय किया कि आज कर्फ्यू में ढील नहीं दी जाएगी। ईद की नमाज घर पर ही होगी। अक्षय तृतीया पर शहर में कहीं सार्वजनिक रूप से शादी भी नहीं हो सकेगी।



नाइट क्लब का वीडियो वायरल

## नेपाल के लॉर्ड ऑफ ड्रिंक्स में राहुल गांधी

### कांग्रेस बोली- दोस्त की शादी में भी BJP से पूछकर जाना होगा?

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी इन दिनों नेपाल के निजी दौरे पर हैं। सोशल मीडिया पर वहां के एक पब के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें वे एक चीनी महिला के साथ नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह नेपाल का मशहूर पब LOD-लॉर्ड ऑफ ड्रिंक्स है और महिला नेपाल में चीनी राजदूत होउ यांकी हैं।उधर, इसे लेकर बीजेपी हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि वेकेशन, पार्टी, हॉलिडे, प्लेजर ट्रिप, प्राइवेट फॉरेन विजिट आदि अब देश के लिए कोई नई बात नहीं है। नेपाल विजिट पर सफाई हालांकि, इस वीडियो पर कई घंटों तक कांग्रेस या राहुल की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं आया था। बाद में प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी मित्र देश नेपाल में एक दोस्त की शादी में गए, जो एक जर्नलिस्ट भी है। दोस्त और परिवार होना, शादियों में जाना हमारी संस्कृति का हिस्सा भी है। शादी में जाना अभी भी इस देश में क्राइम नहीं बना है। हो सकता है कि आज के बाद बीजेपी तय करे कि शादी में शामिल होना गैरकानूनी है और दोस्त बनाना अपराध है। लेकिन मुझे बताएं ताकि हम अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों की शादी में शामिल होने के रिवाजों को बदल सकें।



## जम्मू-कश्मीर में बड़ा एक्शन धरे गए आतंकियों के मददगार

### करोड़ों की हेरोइन और हथियार बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। मंगलवार को जहां बारामूला पुलिस ने अंतर जिला नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। वहीं, सोमवार को पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा/द रेजिजटेंस फ्रंट के सहयोगी को दबोच लिया है। भंडाफोड़ के दौरान पुलिस को हथियारों के अलावा करोड़ों रुपये की कीमत की हेरोइन भी बरामद हुई है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, बारामूला पुलिस और सेना ने नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार हुए हैं और उनके पास हथियार और गोला बारूद के अलावा 1.5 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद हुई है। इस बात की जानकारी जम्मू और कश्मीर पुलिस ने दी है। पुलिस ने बताया कि UAP एक्ट, NDPS एक्ट और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत बारामूला पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया है।

## स्कूलों में पढ़ाया जाएगा भगवान परशुराम का चरित्र : सीएम

**भोपाल।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भगवान परशुरामजी के चरित्र का पाठ पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं तत्काल पाठ्यक्रम समिति को बुलाकर निर्देश दूंगा। भगवान परशुराम ने जो काम किया है, वह सदैव रहेगा। सब बच्चे भगवान परशुराम का पाठ पढ़ें। भगवान कृष्ण पढ़ें। गीता पढ़ें। यह हमारी सनातन संस्कृति है। इसे पढ़ाया जाना चाहिए। गुफा मंदिर के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज ये घोषणा की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह



चौहान ने की यह घोषणाएं भी कीं। जिनके अनुसार संस्कृत शिक्षकों के अब तक 1900 पद भरे गए हैं। जब तक दूसरे पदों की भर्ती नहीं होती तब तक अतिथि शिक्षक रखे जाएंगे।मंदिर के पुजारियों को 5 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।जिन मंदिरों की खुद की जमीन नहीं है, उनका विक्रय ना हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा। पुजारियों को कई अधिकार सौंपे जाएंगे।कर्मकांडी संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शुरू की जाएगी।सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों को हर तरह की सहायता दी जाएगी।अन्य समाज के निर्धन परिवारों के लिए भी संभल योजना से सारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

## 5G इंटरनेट का इंतजार हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** यूट्यूब या फेसबुक पर वीडियो देखते समय आप भी बफरिंग की वजह से परेशान होते हैं? इसका जवाब हां है तो जल्द ही आपकी सारी समस्या खत्म होने वाली है। दरअसल, टेलीकॉम मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने पिछले सप्ताह कहा कि अगस्त के अंत तक हर-हाल में 5त्रज् इंटरनेट लॉन्च हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि स्पेक्ट्रम की बिक्री शुरू हो चुकी है और जून तक ये प्रोसेस खत्म होने की संभावना है। 7.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के स्पेक्ट्रम की होगी ।

## विवेक तन्खा को मिला रोटरी इंटरनेशनल का महत्वपूर्ण सम्मान



समारोह में अतिथियों के साथ श्री तन्खा

# तन्खा स्टार ऑफ इंडिया

**जबलपुर।** गत दिवस रोटरी इंटरनेशनल के हैदराबाद में आयोजित प्रेसिडेंशिअल समिट में रोटरी के पूर्व प्रान्तपाल और राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा को एक भव्य कार्यक्रम जिसमें देशभर के रोटरी सदस्य और अधिकारीगण शामिल थे ,में रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष शेखर मेहता द्वारा बनाये गये पैनल के अनुमोदन पर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड स्टार ऑफ इंडिया प्रदान किया गया। यह सम्मान श्री तन्खा को विगत वर्षों से समाज की बेहतरी के लिए लगातार दिए जा रहे योगदान एवं आयोजित किये गये कई मेगा हेल्थ केमप्स के कारण प्रदान किया गया। रोटरी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता ने इस अवार्ड को श्री तन्खा को प्रदान करते हुए कहा कि वे श्री तन्खा की सोच और सेवा भावना से अभिभूत हैं और उन्हें खुशी है कि उन्हें श्री तन्खा को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। श्री तन्खा ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोटरी द्वारा प्रदान किये गये इस सम्मान से उनके अंदर सेवा की भावना को और बल मिला है और वे अब और उत्साह के साथ समाज की भलाई के कार्यों को करने हेतु प्रेरित होंगे। इसी सभा में पे.टी.एम. के फाउंडर विजय शेखर शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह का विशेष आकर्षण विवेक तन्खा द्वारा रोटरी की सहायता से चलाया जा रहा कार्यक्रम फर्स्ट इन क्लास रहा जिसमे बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं को मुफ्त में टेबलेट बांटे गये थे। फर्स्ट इन क्लास एडूटेक प्लेटफार्म ने अब भारत और दुनिया की सबसे बड़ी मुफ्त एजुटेक की पहल बनाने के लिए रोटरी इंडिया लिट्रेसी मिशन (आर.आई.एल.एम.) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं जिसमे 1 लाख टेबलेट पी.सी. मुफ्त में फर्स्ट इन क्लास आने वाले छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क वितरित किये जायेंगे। यह सभी टेबलेट पूरी तरह से कार्यात्मक ई-लर्निंग प्लेटफार्म के साथ लोड किये जायेंगे जो छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होंगे। कार्यक्रम में पे.टी.एम. के डायरेक्टर कार्तिकेय शर्मा की प्रस्तुति और रोटरी के इस सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम की विश्वभर में सराहना की जा रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर एवं हजारों रोटेरियन शामिल थे।



## लो अब नया खतरा सामने

# दुनियाभर के बच्चों में तेजी से फैल रही रहस्यमय बीमारी ने बढ़ाई चिंता

**लंदन।** दुनियाभर के 20 से ज्यादा देशों में एक मई तक 200 से ज्यादा बच्चे लिवर से जुड़ी रहस्यमय बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। सबसे ज्यादा मामले यूरोपीय देशों में आए हैं, जिनमें 100 से ज्यादा मामले अकेले ब्रिटेन में देखने को मिले हैं। पीड़ित बच्चों की उम्र शून्य से 17 वर्ष तक है, सबसे ज्यादा संख्या पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की है। अमेरिका में नौ मामले अलबामा में सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का ध्यान इसकी तरफ तब गया, जब अप्रैल के आखिर में स्कॉटलैंड में 10 बच्चे एक साथ बीमार पाए गए। बीमारी की चपेट में आने के बाद इन बच्चों के लिवर को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। यहां तक कि 20 बच्चों में लिवर ट्रांसप्लांट करना पड़ा, जबकि लिवर के नाकाम होने से एक बच्चे की मौत हो चुकी है। इस



डब्ल्यूएचओ को है इसका अंदेशा

तरह से 10 फीसदी मामलो में लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ रही है। बीमारी के बारे में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है। ब्रिटेन में वायरल हेपेटाइटिस से पीड़ित 77 फीसदी बच्चे एडेनोवायरस से संक्रमित मिले हैं। अमेरिका में भी बच्चों में एडेनोवायरस मिला है। वहीं, डब्ल्यूएचओ ने बताया कि कम से कम 20 बच्चे कोविड और एडेनोवायरस दोनों से संक्रमित मिले हैं, जिसकी वजह से बच्चों के लिवर में सूजन जैसी गंभीर समस्या आ रही है। हालांकि अभी इस बारे में और अधिक शोध और पुख्ता जानकारी की दरकार है। यूकेएचएसए की संक्रमण मामलों की निदेशक डॉ. मीरा चंद के मुताबिक बच्चों के लिवर में सूजन देखी गई। लिवर एंजाइम जैसे, एस्पार्टेट ट्रांसएमिनेस (एएसटी) या ऐलेनिन एमिनोट्रांसेमिनेज (एएलटी) का स्तर 500 आईयू/एल से अधिक देखा गया। इसके अलावा पेट दर्द, दस्त और उल्टी जैसे लक्षणों के साथ ही आंखों के सफेद हिस्से में पीलापन, पेशाब का रंग गहरा होना, त्वचा में खुजली, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्ज, बुखार, थकान, भूख न लगने जैसे पीलिया के लक्षण भी देखने को मिले हैं।

# पाटन में तेंदुआ के हमले में तीन घायल

# खेत में काम कर रही महिला और वृद्ध को मारा झपट्टा टीम के सामने ही युवक को दबोचा

**जबलपुर, यशभारत। पाटन के मैढ़ीझामर गांव में उस समय भगदड़ की स्थिति बन गयी जब एक तेंदुआ ने तीन लोगों को घायल कर दिया। भिंडी के खेत में काम कर रहे एक वृद्ध और महिला पर तेंदुआ ने हमला कर जख्मी कर दिया। वहीं, रेस्क्यू के लिए वन विभाग और पुलिस की टीम जब पहुंची तो तेंदुआ ने दोबारा से पास में खड़े एक युवक को भी झपट्टा मारकर पकड़ लिया। काफी मशक्कत के बाद तेंदुआ की गिरफ्त से युवक को छुड़ाया गया। घायलों को मेडिकल अस्पताल भेजा गया है।**

पाटन पुलिस ने बताया कि मैढ़ीझामर गांव से सूचना मिली कि किसी जंगली जानवर ने खेत में काम कर रहे कुछ मजदूरों पर हमला कर दिया। इसकी जानकारी वन विभाग टीम को देकर इनके साथ जब मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने बताया कि लक्ष्मी बाई कुशवाहा 35 साल और बेनी प्रसाद अहरवार 70 साल भिंडी के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेंदुआ ने दौड़ लगाते हुए पहले तो महिला को जकड़ लिया। महिला को तेंदुआ से छुड़ाने के लिए बेनी प्रसाद ने कोशिश की तो तेंदुआ ने उस पर भी झपट्टा मारकर घायल कर दिया। दूसरे खेत में काम कर रहे अन्य लोगों को इसकी जानकारी लगी तो वह भी दौड़ते हुए पहुंचे और तेंदुआ से महिला और वृद्ध को छुड़ाया।



## युवक को खींचकर ले जाने लगा तेंदुआ

भगदड़ की स्थिति उस समय बनी जब तेंदुआ महिला और वृद्ध पर हमला करने के कुछ समय बाद उसी खेत से लगे हुए दूसरे खेत में पहुंचा। जहां पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम और पुलिस मौजूद थी। तेंदुआ ने टीम के समीप खड़े एक युवक पर झपट्टा मारते हुए कुछ दूर उसको अपने साथ ले जाने की कोशिश की, लेकिन मौजूद रेस्क्यू टीम और ग्रामीणों ने युवक को तेंदुआ के चंगुल से छुड़ाया। लेकिन युवक को हल्की चोटें आई है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जबलपुर से एक और रेस्क्यू टीम पहुंची

ग्रामीणों पर तेंदुआ के हमले की जानकारी जब वन विभाग जबलपुर के मुख्यालय में अधिकारियों को लगी तो उन्होंने एक रेस्क्यू टीम और पाटन के मैढ़ीझामर भेजी है। जहां पर टीम का रेस्क्यू जारी था। दोपहर तक तेंदुआ को कब्जे में लेने की कोशिश जारी थी। तेंदुआ की चपेट



में कोई भी ग्रामीण ना आए। इसके लिए पुलिस और वन विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। इस संबंध में वन विभाग रेस्क्यू टीम का कहना है कि संभवत: ज्यादा गर्मी होने के कारण तेंदुआ को प्यास लगी होगी और इसी वजह से वह रहवाशी क्षेत्र की तरफ आ पहुंचा है। तेंदुआ को रेस्क्यू कर, सकुशल जंगल छोड़ा जाएगा।

# दसवीं की छात्रा के साथ बलात्कार

# मासूम के हंसने और बोलने पर दिल दे बैठा युवक, नहीं मानी तो अपहरण कर की ज्यादती

**जबलपुर, यशभारत।** 21 साल के युवक से 15 साल की मासूम रोजाना अच्छे से बात कर रही थी, हंसना, बोलना मासूम को अच्छा लगता था और इसी बात को युवक प्रेम समझ बैठा। मासूम के सामने कई बार उसने प्रेम का इजहार किया, जब वह नहीं मानी तो उसे घर से उठाकर एक होटल में ले गया और जहां उसके साथ कई बार बलात्कार किया। पूरा मामला अधारताल के अमखेरा क्षेत्र का है। दरिंदे के चंगुल से छूटी मासूम जब अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस कर्मियों से घटना का विवरण बताया तो थाने में मौजूद पूरा स्टाफ सुनकर सन्न रह गया। मामले में पुलिस ने अपहरण के साथ ही बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को दबोच लिया और नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 21 वर्षीय युवक बबलू (काल्पनिक नाम)ने अपने मोहल्ले में ही रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग



रेखा (काल्पनिक नाम) को अपने झूठे प्रेम के जाल में फंसाया। नाबालिग के हंसने और बोलने को युवक ने प्रेम समझ लिया और उसे बरगलाकर, घुमाने के लिए ले गया। जहां उसे उसका अपहरण कर होटल में ले गया और फिर उसके साथ बलात्कार किया।

### परिजनों ने दर्ज करवाया था अपहरण का मामला

पुलिस ने बताया कि इसके पहले मासूम के घर से गायब होने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर, लगातार किशोरी को खोज रही थी। तभी पुलिस को पता चला कि किशोरी को युवक भगाकर ले गया था। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया।

### रातभर किया दुराचार

आरोपी के चंगुल से मुक्त हुए किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने रातभर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और विरोध करने पर शादी का झूठा आवश्वासन दे रहा था। जब उसने बात नहीं मानी तो मारपीट भी की है।

### मछुआरा है आरोपी

पकड़ा गया आरोपी अमखेरा तालाब में मछलियां मारने का काम करता है। यहीं से आरोपी ने नाबालिग को बरगलाया था, जहां उसे उसका अपहरण कर ले गया था।

# तीनों चाकूबाज चढ़े पुलिस के हत्थे

# युवक के पेट में ताबड़तोड़ वार कर हुए थे फरार

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के ग्रमा गुर्दा अमखेरा में युवक के पेट में चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर, लहूलुहान करने वाले तीनों शातिर आरोपियों को मुस्तैद पुलिस ने दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।



पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वीरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि वह अमखेरा का निवासी है। दरमियानी रात उसके घर में घुसकर छोटू पटैल और उसके दो अन्य साथियों ने जमकर मारपीट कर चाकूओं से वार कर दिया। पुलिस ने बताया कि चाकूबाजी के बाद परिजनों ने आननफानन में युवक को अस्पताल में भर्ती किया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### मर्डर करने आए थे आरोपी

बताया जाता है कि वीरेन्द्र और छोटू पटैल व उसके दो अन्य साथियों की वर्षों से पुरानी रंजिश है। जिसके चलते छोटू पटैल पीड़ित वीरेन्द्र का मर्डर करने के लिए अपने साथियों के साथ पहले तो घर में गालीगलौच करते हुए दाखिल हुआ और फिर वीरेन्द्र को घसीटकर बाहर लेकर आए और दनादन चाकू, तलवारों से वार कर दिया। जिसके बाद वीरेन्द्र खून से लथपथ होकर वहीं बेहोश होकर गिर गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### शहर से बाहर भागने की फिराक में थे आरोपी

अधारताल एसआई अनिल पटैल ने बताया कि मामले में त्वरित कारज्वाई करते हुए तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है। आरोपी पुलिस को चकमा देकर शहर से बाहर भागने की फिराक में थे, लेकिन मुखबिर तंत्र को अलर्ट कर पुलिस ने तीनों को समय रहते दबोच लिया।

# पत्नी से विवाद करने पर मारा चाकू :आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के बाबाटोला में एक शातिर युवक ने पत्नी से विवाद करने पर युवती को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।**

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 22 वर्षीय युवती निवासी बाबाटोला ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है जब नल में पानी भर रह थी वहीं पर मुस्कान भी पानी भर रही थी पानी भरने की बात पर से विवाद होने लगा तभी आबिद काटा का बेटा सलमान आकर गाली गलौज करते आरोप लगाया कि पत्नी मुस्कान से विवाद क्यों किया, उसने गालियां देने से मना किया तो सलमान ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर घायल कर दिया।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं रितेश कोटेचा पिता जयंती लाल कोटेचा यह घोषणा करता हूं कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा व मेरे पिता का नाम रितेश कुमार कोटेचा पिता जयंतीभाई कोटेचा लिखा है जिसे आज दिनांक से बदलकर अपने निवासिक दस्तावेज के अनुसार रख लिया है। अत: आज दिनांक से मुझे मेरे निवासिक दस्तावेजों के अनुसार जाना पहचाना पढ़ा व लिखा जाए।
**पुराना नामः रितेश कुमार कोटेचा पिता जयंती भाई कोटेचा**
**नया नामः रितेश कोटेचा पिता जयंती लाल कोटेचा**
**पताः स्नेह नगर जबलपुर**


# जीआरपी के हत्थे चढ़े आरोपी ने उगले 1लाख 50 हजार के 16 कीमती मोबाइल

# ट्रेन की खिड़की से महिला का मंगलसूत्र मोबाइल छीनने वाला बदमाश सलाखों के पीछे

**जबलपुर यश भारत।** ट्रेनों में रेल यात्रियों के साथ लूट एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों के विरुद्ध जीआरपी की पैनी नजर ऐसे बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा द्वारा जीआरपी कर्मियों को आदेशित करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल के सतना जीआरपी ने शातिर आरोपी को दबोचकर 16 कीमती मोबाइल जब्त किए है। सतना जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को फरियादी अखिलेश कुमार तिवारी निवासी रायबरेली उ.प्र. के अपनी पत्नी के साथ ट्रेन 12539 यशवंतपुर एक्स. के कोच नं. एस/6 बर्थ नं. 09,10 में जबलपुर से रायबरेली की यात्रा के दौरान रात्रि सतना स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा खिड़की से हाथ डालकर फरियादी की पत्नी के गले से मंगलसूत्र एवं हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गये थे फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 392 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशानुसार छीने गये मोबाइल का सी.डी.आर. प्राप्त कर मुताविक सी.डी.आर. के माल मुल्जिम की पतारसी करते चोरी गया मोबाइल पोको कंपनी का जप्त किया गया, जप्त किया जाकर मामले का मुख्य आरोपी की तलास करते गोलू दाहिया उर्फ आर.के. दाहिया पिता



दयाराम दाहिया निवासी आदशज़ नगर हवाई पट्टी जिला सतना का मिला जिससे पूछताछ करने पर बताया कि मैं ट्रेन मे चोरी करने वाले चोरों से मोबाइल खरीदकर दूसरे लोगों को बेचता हूँ आरोपी आर.के. दाहिया से 9 एन्ड्राइड मोबाइल विभिन्न कंपनियों के जप्त किये गये एवं अन्य जिन लोगो को बदमाश द्वारा मोबाइल बेचे गये थे उनके पास से भी मोबाइल जप्त किये गये है आरोपी से कुल 13 एन्ड्राइड मोबाइल करीबन 1,50,000 रू. के जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी द्वारा बताया कि लूट व चोरी के मोबाइल शनि उर्फइमरान निवासी नजीराबाद तथा आरोपी फारूख उर्फछोटा बंदर द्वारा मुझे बेचने के लिये दिये जाते है आरोपी शनि उर्फ इमरान द्वारा लूट का मोबाइल मुझे दिया गया था मुख्य आरोपी शनि उर्फइमरान खान पिता गफ्फ़र खान निवासी नजीराबाद जिला सतना का जो सातिर अपराधी है जिसकी तलास करते मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि बदमाश नजीराबाद आऊटर मे दूसरी ट्रेनों में चोरी, लूट करने के प्रयास में घूम रहा है जिसकी भनक मुख में द्वारा जीआरपी को लगते ही टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी द्वारा बताया गया कि जो मोबाइल और मंगलसूत्र ट्रेन मे छीना था वो मोबाइल गोलू को बेच दिया था और सोने का मंगलसूत्र मैने बेचने के लिये रखा हूँ जो पेश करने पर जप्त किया गया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाता है आरोपी शनि उर्फ़ इमरान थाना कोतवाली, कोलगवां, जी.आर.पी. जबलपुर का आद्यतन अपराधी है जो काफी सातिर अपराधी है ।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त आरोपी को पकडने में जी.आर.पी. प्रभारी उप निरी. जी.पी.त्रिपाठी, प्र.आर. संजय मांझी, नरेश कुमार, आर. गणेश तिवारी, अवधेश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

# युवक के ऊपर से निकल गया भारी वाहन करौंदा नाला में मिली युवक की लाश

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के करौंदा नाला के पास आज मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक की खून से लथपथ लावारिस शव देखा गया। यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दरमियानी रात सूचना आई थी कि करौंदा नाला में एक युवक का शव लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। जिसके बाद मौके पर पहुंची एफएसएल टीम सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पड़ताल शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया कयास लगाए जा रहे है कि कोई भारी वाहन युवक को रौंदकर फरार हो गया है।

**नहीं हो सकी शिनाख्त**

पुलिस ने बताया कि शव मिलने के बाद जिले के सभी थानों में युवक की फोटो भेज दी गई है साथ ही आसपास के गांवों में पूछताछ की गई है, लेकिन अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अब पूरी पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पस्ट हो सकेगी।

# युवक के सिर में पटक दिया पत्थर

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में बाइक में टक्कर लगने की बात को लेकर तीन अज्ञात बदमाशों से युवक के साथ जमकर मारपीट कर उसके सिर में पत्थर पटक दिया और मरणासन्न हालत में युवक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित को राहगीरों ने जैसे-तैसे अस्पताल में भर्ती किया। पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ मालमा दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रामगोपाल पटैल निवासी भौपापोड़ ने बताया कि वह अपने खेत गया था और गुटखा लेने के लिए पनागर बस स्टेंड गया था। जहां तीन अज्ञात युवक बाइक में सवार होकर आए और बाइक में टक्कर लगने की बात को लेकर, जमकर बहस करने लगे। जब उसने विरोध किया तो जमकर मारपीट कर, वहीं पड़ा हुआ पत्थर उसके सिर में पटक दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल की हालत को देखकर आसपास के लोग दौड़े, जिसके बाद आरोपी वहां से युवक को मरणासन्न छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरेला तहसीली के टूटे ताले शातिर चोर कैमरे लेकर हुए फरार

**जबलपुर, यशभारत।** चोरों के हौसले इनदिनों सांतवे आसमान पर है। जिसकी एक बानगी उस वक्त सामने आई जब बरेला में नवनिर्मित उप तहसील के दरमियानी रात चोरों ने ताले तोड़े और आराम से कैमरे निकालकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में मिला है। बरेला थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत आई है कि बरेला उपतहसीली के दरमियानी रात शातिर चोरों ने ताले तोड़े है और जब कुछ नहीं मिला तो कैमरे लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि चोरों ने कैमरों के आलावा भी अन्य माल उड़ा लिया है, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, पड़ताल में जुटी है।

## नायब तहसीलदार खम्हरिया जिला जबलपुर

राप्रक्र/ए 27/2122

**आम इश्तहार**

ग्राम पडवार तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार दुबे पिता रामफल दुबे साकिन पडवार ने ग्राम पडवार पहनं 89 राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि खनं 145 हे. भूमि के रकवा 0.50 हे. भूमि के फौती वसीयत विक्रयपत्र पारिवारिक व्यवस्था पत्र आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण बंटवारा अभिलेख दुरुस्त रकवा सुधार डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका नक्शा बंटाक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अत: उक्त भूमि के फौती वसीयत विक्रयपत्र पारिवारिक व्यवसीा पत्र आपसी बंटवारा के आधारपर नामांतरण बंटवारा, अभिलेख दुरुस्त, रकवा सुधार डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका, नक्शा बंटाक तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। इश्तहार आज दिनांक 27.4.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 27.4.2022
पेशी दिनांक :12.5.2022

**नायब तहसीलदार खम्हरिया**
**जिला जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर

ई-मेल - eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2344814

निविदा क्रमांक 07-35/व.ले.लि./का.य./2022-23 जबलपुर दिनांक 27/04/2024

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यों की ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल उपर उल्लेखित वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किए जा सकते है।

Name of Work - Drilling of 350mm x 150mm dia 60 mt. deep Gravel packed Tube Well 15 Nos. in Block- Panagar District- Jabalpur

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07/27.04.2022 | 199470 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 08/27.04.2022 | 199478 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 09/27.04.2022 | 199535 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 10/27.04.2022 | 199540 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 11/27.04.2022 | 199551 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 12/27.04.2022 | 199558 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |
| 13/27.04.2022 | 199564 | 13.17 | 26340/- | 2000/- | 02 Months |

Name of Work - Drilling of 200/150 mm dia. 120 mtr deep 15 Nos. Ordinary Tube Well in Block- Jabalpur District- Jabalpur

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 14/27.04.2022 | 199575 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02Months |
| 15/27.04.2022 | 199580 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 16/27.04.2022 | 199592 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 17/27.04.2022 | 199598 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 18/27.04.2022 | 199601 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 19/27.04.2022 | 199604 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 20/27.04.2022 | 199607 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 21/27.04.2022 | 199609 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 22/27.04.2022 | 199611 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 23/27.04.2022 | 199620 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 24/27.04.2022 | 199622 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 25/27.04.2022 | 199626 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |
| 26/27.04.2022 | 199630 | 11.36 | 22720/- | 2000/- | 02 Months |

Name of Work - Drilling of 350/150 mm dia. 60 MTR. Deep Graval Packed Tube Well and 150 mm dia 60 deep Ordinary Tube well (Total 120 mtr.) 50 No. Combination Rig for Piped Water Supply Schemes in various Village at Jabalpur Distt.

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 27/27.04.2022 | 199646 | 62.76 | 50000/- | 10000/- | 06 Months |

Name of Work - Drilling of 150 mm x 125mm x 115mm dia. Ordinary Tube Well with Hand Pump in Villages OF Block Jabalpur District Jabalpur Number of Tube well 15

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 28/27.04.2022 | 199701 | 11.85 | 23700/- | 2000/- | 02 Months |
| 29/27.04.2022 | 199704 | 11.85 | 23700/- | 2000/- | 02 Months |
| 30/27.04.2022 | 199705 | 11.85 | 23700/- | 2000/- | 02 Months |
| 31/27.04.2022 | 199706 | 11.85 | 23700/- | 2000/- | 02 Months |
| 32/27.04.2022 | 199707 | 11.85 | 23700/- | 2000/- | 02 Months |

Name of Work - Drilling of 300/100mm dia, and 60m deep Gravel packed Tube Well with Hand Pump in Villages OF Block Sihora District Jabalpur, No.of Tube well 15

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 33/27.04.2022 | 199708 | 20.25 | 40500/- | 5000/- | 02 Months |
| 34/27.04.2022 | 199711 | 20.25 | 40500/- | 5000/- | 02 Months |
| 35/27.04.2022 | 199712 | 20.25 | 40500/- | 5000/- | 02 Months |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 09/05/2022 समय 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 09/05/2022 समय 17.30 बजे तक
ऑनलाईन डॉक्युमेंट खोलने की अंतिम तिथि - 11/05/2022 समय 11.00 बजे

G-12186/22

दो गज की दूरी, मास्क ही जरूरी।

(डी.पी. मंगोरे)
कार्यपालन यंत्री

## संपादकीय

# संकट समाधान को स्थायी नीति बने

यह सच है कि इस साल गर्मी समय से पहले आयी और तमाम रिकॉर्ड तोड़े, लेकिन गर्मियों में बिजली संकट पहली बार नहीं है। लोगों की समझ में आने लगा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग हमारे दरवाजे तक दस्तक देने लगी है और सौ से अधिक साल की गर्मी के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। इस बार तो लोगों ने मार्च में मई-जून जैसी तपिश महसूस की है। अप्रैल में ही देश के कई राज्यों में बिजली कटौती की खबरें आने लगीं। कहा जा रहा है कि बिजली घरों में कोयले का संकट खड़ा हो रहा है। वैसे कोयले की कमी की खबरें गैर-भाजपा शासित राज्यों से ज्यादा आ रही हैं लेकिन कहा जा रहा है कि देश के करीब पचास फीसदी बिजली घरों में कोयला कम बचा है। वहीं केंद्रीय मंत्री और ऊर्जा उत्पादन के लिये जिम्मेदार प्रमुख उपक्रम एनटीपीसी ने कोयला संकट की बात से इनकार किया है। कोयला कंपनियों के पास भी पर्याप्त कोयला भंडार है। तो ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर कोयला संकट की बात क्यों पैदा हो रही है। जाहिर बात है कि कोरोना संकट के बाद दुनिया में कोयला उत्पादन में गिरावट आई और इसके दामों में अप्रत्याशित उछाल आया। संभव है कि सरकार व कोयला कंपनियां महंगा कोयला मंगाने से बच रही होंगी। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गैस आदि की आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन इसके बावजूद कोयला संकट को टालने की कोशिश तो गंभीरता के साथ की जानी चाहिए। पिछले पांच-छह साल से हर गर्मी में बिजली कटौती का सिलसिला बदस्तूर जारी है। लेकिन समस्या का कारगर समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। वहीं कोयला उत्पादक कंपनियां राज्यों द्वारा कोयला आपूर्ति का भाड़ा न दिये जाने की बात करती रही हैं। कहा जाता है कि यह रकम पंद्रह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बैठती है। ऐसे में निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि इस संकट की जड़ें कहीं और भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग के संकट से जूझ रही है। ऐसे में गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि आपूर्ति में ज्यादा परिवर्तन न होने के बावजूद मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दरअसल, आज हमारी जीवनशैली कुछ इस कदर बदली है कि सुविधाभोगी जीवनशैली के चलते बिजली की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। वातानुकूलन के लिये उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। जीवन शैली भी कुछ इस तरह हो गई है कि हम प्राकृतिक जीवन के साथ साम्य नहीं बैठा पाते। निजी व सार्वजनिक स्थलों पर वातानुकूलन सिस्टम अपरिहार्य बना दिये गये हैं। जाहिर है हमारे संसाधन सीमित हैं और आकांक्षाएं अनन्त हैं जिसमें साम्य न होने से कई तरह के संकट उत्पन्न होते हैं। महानगरों में कंक्रीट के जंगलों के विस्तार व वन क्षेत्रों के सिमटने से भी तापमान में वृद्धि हुई है। अब तक देश के कई दूर-दराज के पर्वतीय व ग्रामीण इलाके ऐसे थे, जिनमें लोग बिना पंखे के भी काम चला लेते थे। अब समृद्धि के साथ-साथ एसी व कूलर जरूरी हो गये हैं। संकट मौसम की तल्खी का भी है, लेकिन व्यक्ति के सुविधाभोगी होने का सवाल भी है। जरूरत के साथ प्रतिष्ठा व विलासिता का घटक भी जुड़ा है। निस्संदेह, भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं तो हमें भी बिजली का उपयोग संयम व सामंजस्य से तय करना चाहिए। सवाल आवश्यकता व विलासिता के बीच फर्क करने का भी है ताकि बिजली की किल्लत से जरूरी सेवाएं बाधित न हों। कोयला संकट के चलते बिजली घरों को तेजी से कोयला आपूर्ति के लिये जो अतिरिक्त मालगाड़ियां चलायी गई हैं, उसके कारण कई यात्री गाड़ियों का आवागमन बाधित हुआ है, जो आवश्यक सेवा का बाधित होना ही है। वहीं देश के हुक्मरानों को सोचना होगा कि हर गर्मी में पैदा होने वाले बिजली संकट को दूर करने के लिये स्थायी उपाय क्या हो सकते हैं।

# संस्कृति के सशक्त प्रहरी भगवान परशुराम



**सनातन धर्म की मर्यादाओं में प्रतिष्ठित, विष्णु के छठे अशांवतार, महान पराक्रमी, भक्ति एवं शक्ति में पारंगत, ओजस्वी, तेजस्वी, दीन-हीन व दलितों के उद्धारक, मातृ-पितृ भक्त भगवान परशुराम ऋषिकुल में जन्म लेने वाले एकमात्र अवतार हैं। इन्होंने पन्द्रह वर्ष की आयु में ही अपने दादा ऋचीक एवं पिता जमदग्नि से वेद और धनुर्वेद की शिक्षा प्राप्त कर ली थी। संजीवनी विद्या जो भार्गव वंश में वंशानुगत दी जाती थी, इसे भी बालक 'राम' ने अपने दादा से विधिवत ग्रहण किया। परशु चलाने की विद्या इन्होंने भगवान शिव से ग्रहण की और वहीं से इनका नाम परशुराम हुआ।**

चारों वेदों के ज्ञाता, पीठ पर धनुष एवं दिव्य बाणों से भरा तुणीर धारण किए अदम्य साहसी परशुराम ने सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा हेतु निरन्तर आततायियों से युद्ध किए। उस समय वसुधा अत्याचारी, दुराचारी, उच्छृंखल और धर्म विरोधी शासकों से पीड़ित थी। प्रजा जन त्राहि-त्राहि कर रहे थे। ऐसे समय में परशुराम ने अकेले ही लाखों राक्षसों का संहार किया और कभी कोई युद्ध नहीं हारे। प्रवृत्ति ऐसी कि सदा परोपकार के लिए जिए और निवृत्ति ऐसी कि परम वैरागी, त्यागी बन कर सर्वस्व दान कर दिया। परशुराम जी जैसा दानी और त्यागी कौन हो सकता है, जिन्होंने इक्कीस बार पृथ्वी को विजित किया, भूपति बन गये, लेकिन कश्यप ऋषि के आदेश पर समस्त पृथ्वी का दान करके महेन्द्र पर्वत पर निवास करने लगे। अपने शस्त्रास्त्र तक द्रोणाचार्य को दान कर दिए।

चिरंजीवी परशुराम के समक्ष समस्त प्राणी नतमस्तक होते हैं और अपनी पुण्य धरा का संबंध भगवान परशुराम के साथ जोड़ने में गौरवान्वित महसूस करते हैं। यही कारण है कि सम्पूर्ण भारत में हमें भगवान परशुराम से संबंधित तीर्थ स्थान उपलब्ध होते हैं। हिमाचल में रेणुका नामक तीर्थस्थल को उनकी माता का पीहर माना जाता है, तो पंजाब में फगवाड़ा के पास खाटी धाम ऋषि जमदग्नि की तपोस्थली। हरियाणा का जामनी ग्राम व उत्तरप्रदेश में बुलन्दशहर के अन्तर्गत भृगुस्थल का संबंध भी उनसे है। वाराणसी के निकट भार्गवपुर, उत्तरकाशी जनपद में गंगनाणी, गुजरात में भृगुकच्छ भड़ौच का भी भगवान परशुराम से गहरा संबंध माना जाता है। असम वासियों का दृढ़ विश्वास है कि ब्रह्मपुत्र के जल का लाल रंग परशुराम के रक्तरंजित परशु के धोने के कारण है, तो सुदूर गोवा नगरी की तो उत्पत्ति ही भगवान के परशे से मानी जाती है। केरल में स्थित गिरी महेन्द्र तो प्रभु का निवास स्थान है ही। इसके अतिरिक्त अनेकानेक तीर्थस्थल भगवान परशुराम की गौरव गाथा कहते हुए यत्र-तत्र लोगों द्वारा पूजित व संरक्षित मिलते हैं।

**नीरोत्तमा शर्मा**

# अक्षय तृतीया सहेजने के भाव से जुड़ी आस्था

**जीवन में कुछ सहेजने-रचने और सदा के लिए अक्षय रखने की आस्था भारतीय संस्कृति में अहम स्थान रखती है। हमारे यहां कर्म हों या अर्थ से जुड़ा कोई पहलू, उसे आज ही नहीं, भावी कल से जोड़कर भी देखा जाता है। दान-दक्षिणा से लेकर अच्छे कर्मों के सुफल तक, सभी मनोभावों की गहराई से वास्ता रखते हैं। जीवन की सार्थकता से जोड़कर देखे जाते हैं। निस्संदेह, इनके निर्वहन के लिए शुभ समय-शुभ दिन को लेकर भी एक श्रद्धासिक्त विश्वास हमारी सांस्कृतिक-पारंपरिक और आध्यात्मिक विरासत का हिस्सा रहा है।**

ऐसा ही एक शुभ दिन अक्षय तृतीया को माना जाता है। ऐसा विशेष दिवस, जब दान, जप, तीर्थस्नान, हवन, किसी वस्तु की खरीद और यहां तक कि रिश्तों का गठजोड़ भी अक्षय माना जाता है। मान्यता है कि अबूझ मुहूर्त कहा जाने वाला वैशाख शुक्ल तृतीया का यह दिन, हर शुभ और सार्थक कारज के लिए मंगलमयी होता है।



### शुभ कारज का अबूझ मुहूर्त

पौराणिक ग्रंथों से पोषित आस्था का भाव कहता है कि सर्वसिद्ध मुहूर्त के इस दिन किए गए शुभ कार्यों का अक्षय फल मिलता है। उनका पुण्य कभी नष्ट नहीं होता। इसीलिए आखा तीज के दिन व्रत-उपवास किए जाते हैं। जीवन की बेहतरी के लिए उठाए जा रहे कदमों की शुरुआत की जाती है। इस दिन गहने बनवाने की भी रीत है। विद्यारम्भ, विवाह बंधन, दान-दक्षिणा या जप-तप जैसे सद्कार्यों की शुरुआत के लिए अक्षय तृतीया का दिन शुभता के भरोसे से पूरित भाव लिए होता है। इनमें कुछ चीजें अर्थ लाभ से जुड़ी हैं, तो कुछ समाज कल्याण की सोच से। हमारी सामाजिक-पारिवारिक संस्कृति में रिश्तों को भी पूंजी ही माना जाता है। इस दिन वैवाहिक बंधन में बंधकर नये जीवन की शुरुआत करने की आस्था संबंधों को अटूट बनाए रखने से भाव से पूरित होती है।

### स्नान-दान का महत्व

सद्गुण अपनाने की आस्था का सबसे सुंदर पहलू यह है कि इसे सहेजने के भाव से भी जोड़कर देखा जाता है। स्नान-दान के क्रियाकलापों से मिलने वाले अक्षय पुण्य के भाव नदी-सागर और प्रकृति को सहेजने की अनुभूति से भी जुड़े हैं। शुभ कर्म, दान जैसे कर्मों को फलदायक बनाने के श्रद्धा भाव से जुड़े अक्षय तृतीया पर्व पर प्रकृति के क्षरण, दूषित होती नदियों और गरीब लोगों के हालात पर भी ध्यान जाता है। आस्था का यह आयाम आध्यात्मिक पक्ष को व्यावहारिक जीवन से जोड़ता है। दान का सत्कार्य तो सहृदयता और सहायता करने की सोच से जुड़ा ही है। यों भी 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के संस्कारों की भारतीय जीवनशैली और परंपरा में देने और सहेजने को कर्तव्य और धर्म दोनों ही माना जाता है।

### खेती-किसानी से भी जुड़ा

अक्षय तृतीया धन ही नहीं, अन्न की अक्षय आपूर्ति की मान्यता से भी जुड़ा है। चूंकि कृषि और मौसम गहराई से जुड़े होते हैं, इसीलिए अक्षय तृतीया पर किसान आने वाले साल में कृषि पैदावार और मौसमी रंग-ढंग के शगुन देखते हैं। पांडवों के लिए अन्न की कमी न हो, इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को एक अक्षय पात्र दिया था, यह महाभारत का अहम उपाख्यान है। माना जाता है कि इस पात्र का अन्न कभी खत्म नहीं होता था। अक्षय तृतीया पर खेती-किसानी से जुड़े कई आनुष्ठानिक कृत्य समझाते हैं कि हमें धान्य धन देने वाली धरा भी अक्षय पात्र के समान ही है। इसकी गोद में मिलने वाली संपदा का दोहन करने के बजाय आभार भाव के साथ जरूरत भर के लिए लेना और सहेजना आवश्यक है। यही इसे अक्षुण्ण रखने का मार्ग भी है।

### अक्षय के भाव से जुड़ी आस्था

भौतिक वस्तुएं हों या धार्मिक-आध्यात्मिक परंपराएं, कुछ भी अक्षय रखने का भाव भावी पीढ़ी की सुरक्षा से भी जुड़ा है। अक्षय का अर्थ ही होता है 'जो कभी खत्म न हो यानी जो कभी नष्ट न हो' निस्संदेह, जो है उसे सहेजने और वंचितों से साझा करने का विचार ही इसकी बुनियाद बनता है। अन्न, अच्छे कर्म, धन और तप से संबंधित यही सोच समाज को क्षरण से बचाती है।

**मोनिका शर्मा**

# आपका राशिफल 04 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5798



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5797**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# ईद है... खुदा सबको मुबारक करे

ईद रमज़ान का ईनाम है। रमज़ान के बारे में कहा जाता है कि इस माह की इबादत का सवाब अन्य दिनों से अधिक मिलता है। दिन भर रोज़ा रखना व रात में इबादत करना, कुरान की अधिक से अधिक इबादत करना, हर बंदे की मंशा रहती है कि अधिक से अधिक सवाब हासिल कर लिया जाए। लेकिन ध्यान रहे कि हम स्वयं को झूठ, फरेब से दूर रखें वर्ना इबादत अधूरी है। तो इस प्रकार महीने भर इबादत करने वाले बंदे के लिए ईद तोहफे में दी गई। लेकिन तोहफा तो सब के लिए है, तो उनका क्या, जिनके पास पेट भरने तक का साधन पर्याप्त नहीं, इसके लिए प्रावधान है कि जो सक्षम हैं वो दान करें, उनके लिए फितरा और ज़कात फर्ज़ किया गया, ज़कात का अर्थ कि वो धन जो आपकी ज़रूरत पूरी करने के बाद बच गया, साल भर तक जितना आपने जमा किया, उसका ढाई फीसदी दान कर दीजिए, ये सभी के लिए ज़रूरी है, परिवार में जितने सदस्य कमा रहे हैं, ये सबके लिए आवश्यक है। स्त्रियों के पास जो गहने हैं, उन्हें भी इनकी कीमत का ढाई प्रतिशत दान करना है। ज़कात इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, अर्थात अपरिहार्य, फितरा सदका है आपका जो रमज़ान के दौरान हुई भूल-चूक की भरपाई करेगा तथा ग़रीबों को भी सुविधा देगा कि वो ईद मना सकें। ये आप हैसियत के अनुसार कितना भी और किसी भी रूप में दे सकते हैं।



ईद मनाने का सबका एक-सा ही तरीका है, मीठे में सेंवईं या खीर और उसके अतिरिक्त हैसियत अनुसार पकवान, नये कपड़े और ईदी, सुबह-सवेरे ईदगाह में दो रकआत ईद की नमाज़ अदा करने के बाद दिन भर खाने-खिलाने का दौर चलता है, बड़ों के द्वारा अपने छोटों को ईदी दी जाती है।

ईद की तैयारी करते हुए हमें यह सोचना चाहिए कि केवल एक दिन के लिए हैसियत से अधिक खर्च करना कितना उचित है, यदि आवश्यकता से अधिक धन है भी तो किसी ग़रीब की ईद मनवा दी जाए, पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब ईद के दिन साफ और अच्छे कपड़े पहनते थे और मीठा खाते थे, अच्छे व साफ का अर्थ हम नये से लगाते हैं और मीठे का अर्थ कई-कई पकवानों से। पिछले दो वर्षों से कोरोना व लॉकडाउन के कारण लोगों ने घरों तक सीमित रहते हुए ईद मनाई, (तो क्या ईद न हुई) अतः इस वर्ष लोग जी जान से जुटे हैं कि कसर न रहे कोई, ईद अन्य कई मायनों में ईद है, चांद से पहले कई घरों में चांद निकलते हैं, नौकरियों के लिए घर से दूर हुए बच्चे एक-दो दिन पहले लौट आते हैं, तो अकेलेपन का रमज़ान मना रहे माता-पिता की ईद कुछ पहले से ही आरंभ हो जाती है। परंपरा जाने कहां से शुरू हुई होगी पर है तो कि ईद से कुछ दिन पूर्व भाई अपनी बहनों के ससुराल यथासम्भव ईदी ले जाते हैं, कपड़े, चूड़ियां, मेवे, सेंवई आदि, मेरा विचार है ये धारणा भाई दूज से प्रभावित है। यही नहीं, भारत में मुस्लिम त्योहारों के मनाने के तरीकों में अकसर हिंदुत्व की झलक मिलती है, अन्य मुस्लिम देशों में त्योहार अलग ही तरीके से मनाए जाते हैं। त्योहार का मकसद मेल-जोल हो, खुशियों से हो और यकीन मानिए खुशी बांटने से सबसे अधिक होती हैं, बटोरने से नहीं।

**-बुशरा तबस्सुम**

## सूडोकु नवताल- 6314

✱ ✫ ✫ ✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## विचार प्रवाह



तुम ध्यान में बैठे हो, कभी पैर सो जाता है तो कभी हाथ सो जाता है। पर मैं पूछता हूँ कि कभी मन भी सोया है? अगर ध्यान में मन सो जाए तो जीते-जी मोक्ष हो जाए। मन तो घड़ी के पेंडुलम की भांति सदा ही दायां-बायां फिरता रहता है, स्थिर हो जाए तो जीवन मंदिर हो जाए। मन चंचल है, मन बंदर है, विचारों का समुन्दर है सम्भल जाए तो सीमंधर (तीर्थंकर) है, नहीं सम्भले तो सिकंदर है। खुद डूबेगा, ले डूबेगा।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7355



**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शासन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

**शब्द पहेली - 7354 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# समर्थन मूल्य पर मूंग भी खरीदेगी सरकार

## केंद्र को भेजा प्रस्ताव-मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले साल तीन लाख 29 हजार टन खरीदी थी ग्रीष्मकालीन मूंग



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सरकार गेहूं, चना, मसूर और सरसों समर्थन मूल्य पर खरीदने के बाद अब ग्रीष्मकालीन मूंग भी खरीदेगी। इसके लिए कृषि विभाग ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। अब लक्ष्य तय होने के बाद किसानों का पंजीयन कराया जाएगा। इस बार 12 लाख हेक्टेयर में मूंग की खेती की गई है।कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का रकबा (क्षेत्र) लगातार बढ़ता जा रहा है। सिंचाई की सुविधा का विस्तार होने से किसान मूंग की खेती के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। इसकी कीमत भी अच्छी है। केंद्र सरकार ने प्रति क्विंटल मूंग की दर सात हजार 275 रुपये तय की है। पिछले साल सात हजार 196 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरकार ने तीन लाख 29 हजार टन मूंग की खरीद की थी।हालांकि, केंद्र सरकार ने लक्ष्य एक लाख 39 हजार टन का ही दिया था लेकिन राज्य सरकार की मांग पर इसे बढ़ाकर दो लाख 47 हजार टन कर दिया था। इसके बाद भी लक्ष्य से अधिक खरीद हुई, जिसका वित्तीय भार सरकार को उठाना पड़ा था। अब इस मूंग को मध्या- भोजन में वितरित किया जा रहा है। उपार्जन राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के माध्यम से किया जाएगा। पुजारियों को मानदेय दिया जाएगा

### यहां ज्यादा होती है मूंग

होशंगाबाद, हरदा, नरसिंहपुर, जबलपुर, रायसेन, विदिशा, सीहोर ।

# यूजीसी- विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में स्पोर्ट्स विषय अनिवार्य

## छात्र-छात्राओं को समाज के सभी वर्गों से जोड़ने में मिलेगी मदद

**भोपाल।** देश भर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब छात्रों के शारीरिक, मानसिक फिटनेस और भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की उच्च स्तरीय कमेटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सुझावों के तहत फिजिकल फिटनेस, स्पोर्ट्स, स्टूडेंट हेल्थ, वेलफेयर, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर आधारित पहली गाइड लाइन तैयार कर ली हैं। इसे बुधवार को राज्यों और विश्वविद्यालयों के लिए जारी कर दिया जाएगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में स्पोर्ट्स अनिवार्य विषय होगा। इसमें छात्रों को स्पोर्ट्स से जुड़ी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। खास बात यह है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अब फिजिकल और मेंटल हेल्थ काउंसलर के अलावा हेल्थ एक्सपर्ट भी रखने अनिवार्य होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की उच्च स्तरीय कमेटी का मानना है कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान पहली बार हर व्यक्ति ने शारीरिक और मानसिक फिटनेस के अलावा भावनात्मक पहलुओं की जरूरत पर ध्यान दिया है। हालांकि, युवा पीढ़ी अभी भी डिजिटल डिवाइस में खोयी हुई है। ऐसे में युवाओं को शारीरिक और मानसिक फिटनेस के अलावा उनके भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इसका उल्लेख किया गया था। उसी के आधार पर इसे तैयार किया गया है। स्कूलों में तो स्पोर्ट्स अनिवार्य विषय रहता है, लेकिन उच्च शिक्षण संस्थानों में विकल्प के तौर पर रहता है। इन विषयों को अनिवार्य करने का आधार भी यही है, ताकि सभी छात्र कैंपस लाइफ के दौरान विभिन्न गतिविधियों से जुड़ें। विशेषज्ञों का मानना है कि स्पोर्ट्स समेत ऐसी गतिविधियों से छात्रों का पढ़ाई समेत अन्य तनाव दूर करने में मदद मिलेगी। इससे पहले यूजीसी ने 2019 में उच्च शिक्षण संस्थानों को फिटनेस प्लान भेजा था। इसमें सभी को स्कूलों की तर्ज पर एक घंटे का स्पोर्ट्स पीरियड रखना अनिवार्य किया गया था। इसमें स्पोर्ट्स एक्टिविटी, योग, साइकिलिंग का विकल्प दिया गया था। इसके अलावा, नृत्य, पारंपरिक विद्याओं के माध्यम से फिटनेस पर जोर दिया गया हैं। हर तीन महीने में स्पोर्ट्स कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### स्टूडेंट सर्विस सेंटर बनाने होंगे

सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब स्टूडेंट सर्विस सेंटर बनाने होंगे। डायरेक्टर या डीन स्तर के प्रोफेसर रैंक या फिर शारीरिक शिक्षक को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। ऑन लाइन मोड से या फिर टेलीफोन पर काउंसलिंग करवायी जाएगी। यह सब सिंगल विंडो सिस्टम के तहत काम करेगा। इसके अलावा, छात्रों को महिलाओं और गांवों के पिछड़े बच्चों की मदद करनी सिखाई जाएगी।

### पैदल चलने के ट्रैक बनाने होंगे

उच्च शिक्षण संस्थानों के कैंपस में पैदल चलने वाले ट्रैक बनाने अनिवार्य होंगे। इसका मकसद कैंपस में एक विभाग से दूसरे विभाग, लाइब्रेरी, हॉस्टल आदि आने-जाने के लिए कार की बजाय पैदल चलने की आदत डाली जाए। इससे भी फिटनेस का बढ़ावा मिलेगा।छात्रों की व्यावहारिक परेशानियां दूर करने में मदद

इस गाइड लाइन का मकसद छात्रों में शारीरिक, स्पोर्ट्स गतिविधियों और पॉजिटिव सोच को बढ़ावा देना है। यह सभी छात्रों के लिए तनाव, दबाव और व्यवहारिक परेशानियों को दूर करने और मानसिक स्थिति ठीक रखने के लिए जरूरी है। छात्र पढ़ाई समेत अन्य कारणों के प्रेशर में रहते हैं, इससे उन्हें मदद मिलेगी।

**– प्रो. एम जगदीश कुमार, अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग**



# 68 करोड़ की लागत से बनेगा छोला रेलवे ओवर ब्रिज

**भोपाल।** शहर के छोला मंदिर क्षेत्र में 68 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को मंत्री विश्वास सारंग ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आरओबी के लिए भूमि निर्धारण के लिए विचार - विमर्श किया। यहां अभी शासकीय और रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाना है। मंत्रालय में हुई बैठक में डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय, कलेक्टर अविनाश लवानिया, नगर निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी, मुख्य अभियंता संजय खांडे सहित राजस्व, रेलवे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### छोलामंदिर से एक नंबर प्लेटफार्म तक बनेगा आरओबी

छोला रेलवे ओवर ब्रिज छोलामंदिर से लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म तक बनेगा। यह ब्रिज टू लेन होगा, जिसकी चौड़ाई करीब 8.4 मीटर रहेगी। ब्रिज के निर्माण को लेकर कोच फैक्ट्री के पास निशातपुरा में भूमि का चयन किया जाना है। इसी को लेकर मंत्री सारंग और अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। वहीं ऐशबाग स्टेडियम के नजदीक बरखेड़ी रेलवे फाटक क्रमांक 250 पर आरओबी की रेलवे द्वारा स्वीकृत डीजाइन एवं ड्राइंग भी मिलना अभी बाकी है। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की और सर्व सुविधायुक्त एसी रेस्ट रूम बनाया जाएगा। जिसका लाभ कुलियो को मिलेगा।

### इन आरओबी के प्रस्ताव बनकर हैं तैयार

सेंटर रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड में भेजे जाने के लिए नए आरओबी, फ्लाय ओवर, पीडब्ल्यूडी ब्रिज निर्माण के प्रस्ताव तैयार हैं। करोंद चौराहे पर भी फोर लेन फ्लाय ओवर प्रस्तावित है। वहीं आइएसबीटी के सामने रचना नगर की तरफ, एयरपोर्ट से अयोध्यानगर और अशोकागार्डन से भारत टाकीज के अंत तक ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। इन सभी ब्रिज के निर्माण से शहर के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा और जाम की समस्या से छूटकारा मिलेगा।

### इन क्षेत्रों से हटेगा अतिक्रमण

आरओबी निर्माण के लिए ऐशबाग स्टेडियम के पास बरखेड़ी रेलवे फाटक, मोतीनगर, रेलवे की जमीन पर पसरे अतिक्रमण को हटाया जाएगा। यह जमीन अतिक्रमण से मुक्त होने के बाद ही आरओबी का रास्ता साफ हो सकेगा। इसके अलावा भारत टाकीज आरओबी के नीचे बने गोडाउन पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

**शहरवासियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। छोला रेलवे ओवर ब्रिज के लिए भूमि निर्धारण को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। जिससे जल्द से जल्द इसका काम शुरू किया जा सके।**
**विश्वास सारंग, चिकित्सा शिक्षा मंत्री**

**- छोला रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 68 करोड़ रुपये की लागत से होगा। जिसकी चौड़ाई लगभग 8.4 मीटर रहेगी। जल्द से जल्द इसका कार्य शुरू होगा।**
**संजय खांडे, मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी**

# बिना बीआइएस लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रहा कैन से पानी आपूर्ति का धंधा



**भोपाल।** भीषण गर्मी में अगर आप पीने के पानी की कैन खरीद रहे हैं तो सावधान हो जाइए। यह पानी आपके लिए धीमा जहर साबित हो सकता है। इससे आपको कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। राजधानी में कैन से पानी की आपूर्ति करने वाले 300 से ज्यादा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से किसी के पास भी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) का लाइसेंस नहीं है। ये पानी को सीधे कैन में भरकर बेच रहे हैं, जिसमें टोटल डिसाल्वड सोलिड (टीडीएस) की मात्रा एक लीटर के हिसाब से 500 मिलीग्राम से ज्यादा होती है। इसके ज्यादा होने से पेट संबंधी कई बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है।

### - प्रतिदिन 60 लाख रुपये है पानी के कैन का कारोबार

शहर के 300 केंद्र एक लाख घरों में कैन से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। इनका उद्देश्य पानी की 20 लीटर की कैन 60-70 रुपये तक बेचना है। यह प्रतिदिन करीब 60 लाख रुपये का कारोबार कर रहे हैं। इसमें हैरान करने वाली बात यह है कि कैन से पानी की आपूर्ति करने वाले इन केंद्रों के पास किसी तरह का लाइसेंस नहीं होता है, जबकि पानी बेचने के लिए (बीआइएस 2012) भारतीय मानक ब्यूरो का लाइसेंस होना जरूरी है। वहीं, शहर में पानी के पाउच बनाकर बेचने का धंधा लगभग 150 से अधिक लोग कर रहे हैं। प्रतिदिन 30 लाख रुपये से अधिक पानी के पाउच का कारोबार होता है।

### प्रति लीटर पानी में यह तत्व होना जरूरी

पीने योग्य पानी में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं जो एक उचित पैरामीटर पर होने चाहिए, तभी बीआइएस का लाइसेंस मिल पाता है। डा. सुभाष सी पांडे के अनुसार एक लीटर पानी में 500 मिलीग्राम टीडीएस, 6.5 से 8.5 मिलीग्राम तक हाइड्रोजन, 75 मिलीग्राम कैल्शियम, 0.03 मिलीग्राम एल्यूमीनियम, 250 मिलीग्राम क्लोराइड, 0.05 मिलीग्राम कापर, 0.3 मिलीग्राम आयरन, पांच मिलीग्राम जिंक और पानी की कुल कठोरता 200 मिलीग्राम प्रतिलीटर होना चाहिए। जबकि पीने के पानी में कोलीफार्म बिल्कुल नहीं होना चाहिए। बड़ा तालाब, कोलार डैम और केरवा डैम से पाइपलाइन द्वारा पानी की आपूर्ति होती है। इनमें भी कोलीफार्म (मलमूत्र बैक्टीरिया) पाए गए हैं।

### आधी गर्मी निकली, एक पर ही कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभी तक एक ही फैक्ट्री पर कार्रवाई की है। कटारा हिल्स के रापड़िया में स्थित कंपनी का संचालन बिना बीआइएस लाइसेंस के किया जा रहा था। यहां पर पानी को सीधे पाउच और बोतल में भरकर बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस फैक्ट्री को सील करने के साथ ही संचालक पर धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज करवाई है।

**शहर में अमानक पानी का कारोबार करने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। कुछ कंपनियां हैं, जिनकी जानकारी मिली है। जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कैन से पानी बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का हमको अधिकार नहीं है।**
**- देवेंद्र दुबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

**शहर में बिना बीआइएस लाइसेंस के कैन से पानी का धंधा करने वाले लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह नलकूपों से सीधे पानी भरकर बेचते हैं, जिसमें टीडीएस की मात्रा अधिक होती है। इससे यह धीमे जहर के बराबर होता है। इसमें कोलीफार्म ( मलमूत्र बैक्टीरिया ) की मात्रा अधिक होती है।**
**-डा. सुभाष सी पांडे, पर्यावरणविद**

# भोपाल आकर कर तीन बार कर चुके है वारदात

**भोपाल।** एटीएम बूथ पर सीधे-साधे लोगों की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के एक साथी को हनुमानगंज पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपित के दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की गई है। सोमवार- मंगलवार रात आरोपित के भोपाल पहुंचने के बाद उससे पूछताछ की गई। आरोपित ने बताया वह इससे पहले तीन बार भोपाल आकर वारदात कर चुके हैं। वह लोगों के एटीएम बदलकर उनके खाते से रकम निकाल लिया करते थे।हनुमानगंज पुलिस के मुताबिक पिछले साल सात अगस्त को छोला रोड निवासी राधेश्याम ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि एटीएम बूथ पर रुपये निकालते समय एक युवक ने उनकी मदद की और कार्ड बदल दिया था। उसके बाद खाते से 35 हजार 399 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की थी। इलाके की होटल की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों विक्की साल्वे, सागर देवीराम अम्भोरे और प्रवीण भीमराव इंगले की पहचान की। यह तीनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। गत दिवस पुलिस ने आरोपी विक्की (साल्वे (28) निवासी भैया साहेब अम्बेडकर नगर हनुमान मंदिर के पास उल्हासनगर ठाणे को नवी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया।

# सीपीडब्ल्यूडी के सुरक्षा गार्ड से चाकू की नोक पर 15 हजार की लूट

भोपाल। गौतम नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी नारियल खेड़ा में रविवार रात में दस बजे के करीब केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के सुरक्षा गार्ड के साथ लूट का मामला सामने आया है। वह दिन रात की ड्यूटी पूरी करने के बाद घर जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने चाकू की नोक उससे 15 हजार और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। तबियत बिगड़ने के बाद उसने दूसरे दिन लूट की एफआइआर गौतम नगर थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश की जा रही है। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक नगर निगम कालोनी गौतम नगर निवासी 35 वर्षीय सतीश कुमार सिंह केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में सुरक्षा गार्ड है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच भोपाल के ईदगाह मस्जिद में पढ़ी गई नमाज

**भोपाल।** मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भोपाल के ईदगाह मस्जिद से लेकर पूरे प्रदेश में पढ़ी गई नमाज, नेताओं ने दी ईद की शुभकामनाएं दी। शहर काजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने मंगलवार को ईद मनाने का ऐलान रविवार को चांद नहीं दिखने पर किया था। मंगलवार सुबह सात बजे ईदगाह पर ईद की विशेष नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में सुबह 7:15 पर तथा ताजुल मस्जिद पर सुबह 7:30 बजे की ईद की विशेष नमाज अदा की गई। सके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जा रही है। एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ईद-उल-फित्र का त्योहार मनाया जा रहा है। घरों पर आने वाले मेहमानों को मुस्लिम समाज के लोग सिवइयों से मुंह मीठा करा रहे है। साथ ही अन्य पकवान खिलाएंगे। इसके बाद मेहमानों को ईदी भेंट करेंगे।



### बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था, इंदौर से आने वाली बसें नहीं जाएंगी नादरा बस स्टैंड

राजधानी में ईद को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में मंगलवार को बदलाव किया गया है। इसमें कुछ मार्ग पर ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। इसमें इन्दौर-उज्जैन की तरफ से आने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं आ सकेंगी। इस मार्ग पर चलने वाली बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी। इसके अलावा राजगढ़ (ब्यावरा) की ओर से आने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं आ सकेंगी। इस मार्ग की बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी।जानकारी के मुताबिक रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल-रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें और आम यातायात का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। यह वाहन वीआइपी रोड का उपयोग कर आवागमन करेंगे। इसी प्रकार लालघाटी कोहेफिजा से इमामी गेट, पीरगेट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात परिवर्तित रहेगा।

# अक्षय तृतीया पर राजधानी में 5 होंगे हजार विवाह

**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार को अक्षय तृतीया पर हिन्दूओं के अलग-अलग समाजों के सार्वजनिक विवाह सम्मेलन होंगे। गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की परंपरा भी निभाई जाएगी। युवक-युवतियों के विवाह शहर सभी मैरिज गार्डन, शादी हाल, होटल बुक हो चुके हैं। जिन घरों, कालोनियों, मैदानों में विवाह हैं, वो सज गए हैं। भोपाल व आसपास लगे जिले सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम नगर में पांच हजार विवाह होंगे।

### इन समाजों के विवाह सम्मेलन होंगे

कोरोना के कारण दो सालों से समाजों के विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर नहीं हुए थे। इस बार पाल समाज ने अक्षय तृतीया पर शैतान सिंह मार्केट पाल समाज के 61 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। वहीं करोंद की रतन कालोनी में मां वैष्णो देवी संस्था सर्वजातीय वर्ग के 151 युवाओं के विवाह होंगे। ब्राह्मण समाज के 51 जोड़ों के विवाह लांबाखेड़ा में होंगे। अहिरवार समाज की ओर से भेल बरखेड़ा संत रविदास मंदिर में 51 जोड़ों की शादियां होंगी। खटकी समाज का विवाह सम्मेलन शाहजहांनी पार्क में रखा गया है।




इसमें 41 जोड़ों के विवाह होंगे। वहीं शाहपुरा में राजपूत समाज के निश्शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे।

### भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव भी मनेगा

अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव मनेगा। शिवाजी नगर भगवान परशुराम मंदिर में सुबह आठ बजे से पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। अक्षय तृतीया पर शहर के अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना होगी। दिगंबर जैन समाज के मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम होंगे। गुफा मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा का वजन चार टन है। लागत 45 लाख रुपये आई है। सुबह आठ बजे से शोभायात्रा सहित धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। 5100 महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल होंगी। इसमें कार्यक्रम में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेशदास, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित शहर भर से ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों के लोग बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल होंगे। 1000 ब्राह्मण समाज के युवा शामिल होंगे। 1100 वैदिक ब्राह्मण स्तुति वाचन करेंगे। 500 युवाओं की टोली आखड़ों के साथ नृत्य करते हुए शोभा यात्रा में शामिल रहेंगे। ब्राह्मण समाज के 20 अलग-अलग संगठनों से जुड़े लोग शामिल होंगे। धार्मिक आयोजन के साथ ही रात आठ बजे गुफा मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी रखा गया है। इसमें अलीगढ़ से गीतकार डा विष्णु सक्सेना, भोपाल से गीत-गजल गायक डा अनु सपन, ओरछा से सुमित मिश्रा, तेजनारायण बेचैन सहित अन्य कवि कविता पाठ करेंगे।

**एक ही दिन हिन्दू अक्षय तृतीया के साथ ईद की खुशियां**

# भोपाल में भाजपा के संघर्ष का साक्षी रहा 30 साल पुराना दीनदयाल परिसर टूटेगा

**भोपाल ।** भाजपा की संघर्ष यात्रा का साक्षी रहा पंडित दीनदयाल परिसर कुछ ही दिनों में टूट जाएगा। लगभग तीस साल पहले भाजपा के संस्थापकों में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा और कैलाश जोशी ने पंडित दीनदयाल परिसर यानी प्रदेश भाजपा कार्यालय का निर्माण करवाया था, तब देश के अन्य राज्यों में ऐसा भव्य कार्यालय भवन नहीं था। भाजपा अब इसकी जगह हाईटेक बिल्डिंग बना रही है।भाजपा की नई बिल्डिंग में अत्याधुनिक सुविधाएं सहित पार्किंग, बड़े आडिटोरियम, कांफ्रेंस हाल, कम्युनिकेशन सेंटर, आडियो- वीडियो स्टूडियो, हाईटेक लाइब्रेरी, काल सेंटर, वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए अत्याधुनिक कक्ष जैसी सुविधाएं रहेंगी।नए भवन के निर्माण का रास्ता साफ होता देख भाजपा ने जिला प्रशासन से आरटीओ बिल्डिंग किराए पर ले ली है। जल्द ही भाजपा का प्रदेश कार्यालय आरटीओ भवन में शिफ्ट कर लिया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य है कि विधानसभा चुनाव 2023 से पहले नए भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए। फिलहाल भाजपा का कार्यालय पार्टी के लिए छोटा पड़ने लगा है। नए भवन में पार्टी पदाधिकारियों के लिए अलग से कक्ष सहित मोर्चा और प्रकोष्ठ के लिए भी अलग-अलग कक्ष तैयार किए जाएंगे।

## गले मिलकर कहा- ईद मुबारक



**पनागर।** आज ईद उल ईद उल फितर का त्यौहार नगर में हंसी-खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर सभी मुस्लिम भाइयों ने नगर वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद दी और इस मौके पर जामा मस्जिद मैं हाफिज शरीफ साहब ईदगाह में जनाब उबेद अख्तर साहब ने नमाज अदा की और देश में अमन-चैन सुख शांति के लिए दुआ की और ईद के इस मिलन कार्यक्रम में हमारे नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि सभी उपस्थित हुए जिसके लिए मुस्लिम समाज ने सभी का दिल से शुक्रिया अदा किया और उन्हें मुबारकबाद दी इस मौके पर तहसीलदार सारिका रावत जी थाना प्रभारी आरके सोनी विमल जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं तहसील अधिवक्ता संघ पनागर सुभाष पटेल बिलपुरा केस लाल रजक समाजसेवी संजय श्रीवास्तव जिला ग्रामीण अध्यक्ष सेवादल शंकर सिंह बिलपुरा ठाकुर मनोज पहलवान तुलसीराम जी कुशवाहा रामू मिश्रा केस लाल भगत सुरेश नामदेव पदम मोदी पूर्व पार्षद बाबू खान मंजूर अली हनीफ सरफराज बैग असलम बेग अहमद शाह रफीक अहमद हाजी रियाज अहमद खान अयूब खान हैदर अली नव ईसा पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद हुसैन आदि ने उपस्थित होकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद की बर्बादी जिसके लिए सभी समाज के लोग नी शुक्रिया अदा की।

# भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव पर निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा, धर्म ध्वजा लिए शामिल हुए विप्रजन, 25 झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर।** भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच के तत्वावधान में रानीताल चौक से ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में 25 झांकियां एवं कटआउट शामिल थे जो आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें भगवान श्री गणेश, मां दुर्गा, मां नर्मदा, हनुमान जी, लता मंगेशकर, देशभक्त शहीदों के साथ ही प्रेरणा दायक कट आउट शामिल थे संत महात्माओं का स्वागत आयोजन समिति की ओर से पं.राम दुबे, पंडित योगेंद्र दुबे ने किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर के संतो के द्वारा गणेश पूजन से हुआ। प्रमुख रूप से जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य एवं बगलामुखी मठ के ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद शोभा यात्रा में शामिल हुए द्यसमस्त ब्राह्मण समाज के लोग शोभायात्रा में धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में विप्र बंधु, नगर के गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक नेता और महिलाएं पीले वस्त्र में शामिल हुई द्य



शोभायात्रा में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद गोटिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन विधायक सुशील तिवारी इंदू, विधायक विनय सक्सेना, भाजपा नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर पंडित वासुदेव शास्त्री पंडित रोहित दुबे, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, सुधीर नायक गीता शरत तिवारी, धीरज पटेरिया अभिलाष पांडे कपिल दुबे विनोद तिवारी उमाशंकर दुबे, राहुल चौबे, दीपेश बडगेंया, विनोद मिश्रा, संजू तिवारी कौशल किशोर तिवारी, राजीव तिवारी, गौरव शर्मा, रमेश मिश्रा, भागवती भारद्वाज, दिनेश



दुबे कल्पना मिश्रा आदि शामिल थे द्य हिंदू ब्राह्मण, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण, तमिल ब्राहमण, गुजराती, तेलुगु, बंगाली, गौड़, मैथिली ब्राह्मण समाज आदि के संयुक्त तत्वावधान में यह गरिमामय शोभायात्रा निकाली गयी। नगर पंडित सभा ने किया स्वागत - नगर पंडित सभा जबलपुर के अध्यक्ष पं.अखिलेश त्रिपाठी, महामंत्री पंडित देवेंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सुशील दुबे ने सभी का स्वागत किया। जवाहर गंज वार्ड पुरानी चढ़ाई ओम आभूषण स्थित पूजा अर्चना स्वागत मंच शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज नामदेव, जय नारायण अग्रवाल मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पं. विश्वजीत पटेरिया हरि प्रशांत त्रिपाठी समाजसेवी मोनी अग्रवाल मनोज ताम्रकार कुलदीप पटेरिया ओम अग्रवाल शुभम अग्रवाल सतीश जैन रामकुमार अग्रवाल हिमांशु गुप्ता मयंक अग्रवाल विजय जैन चुन्ना सहित बड़ी संख्या में लोगों पे शोभायात्रा में पूज्य संतों की एवं ब्राह्मण समाज के सभी सम्मिलित लोगों का स्वागत किया। एवं भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना ठंडाई बांटी। गरीब व्यक्ति इलाज के लिये आ,तो उनके आयुष्मान कार्ड जनरेट करें स्वास्थ्य विभाग विशेष रूप से देखें:कलेक्टर

### ग्वारीघाट में पूजन

जबलपुर। ग्वारीघाट में परशुरामधाम में भगवान का अभिषेक सुबह साढ़े सात से साढ़े 8 बजे तककिया गया इसके पश्चात आरती होगी। शाम साढ़े पांच बजे से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। संपूर्ण ब्राह्मण मंच के धनंजय बाजपेई, डा. अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, रावेन्द्र तिवारी, सुधाकर मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, माधव पांडे, अनिल दुबे, मीरा दुबे, सुनीता गिरीश पांडे, पुष्पा तिवारी, जागृति मिश्रा, अनीता दुबे, आरएस पांडे आदि ने उपस्थिति की अपील की है।मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में भगवान परशुराम की महा-स्तुति का आयोजन मंगलवार को सायं चार बजे किया गया है। इस अवसर पर शास्त्रों के प्रकांड ज्ञाता विप्र वैदिक मंत्रों के द्वारा भगवान परशुराम की स्तुति करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के संयोजक आशीष त्रिवेदी, शिवदत्त मिश्रा, प्रांत अध्यक्ष डीके शर्मा, अवधेश तिवारी, आलोक मिश्रा, वासुदेव शास्त्री, प्रशांत अवस्थी सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

# भगवान परशुराम जयंती पर आयोजन आज ब्राह्मण समाज भवन बखरी में

**सिहोरा** - भगवान विष्णु के छटंवे अवतार भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर आज ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये है। समाज के महामंत्री प्रवीण कुररिया ने बताया की आज अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम की जयंती सभी विप्रजन हर्षोल्लास पूर्वक शुक्ल जी की बखरी के पास स्थित पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में प्रात: 9 बजे से पूजन अर्चन और प्रसाद वितरण कर मनायेगे। आयोजन में पहुचने की अपील समाज के संरक्षक राजभानु शुक्ल,अश्विनी कुमार पाठक,जय प्रकाश दुबे,नंदकुमार परोहा, प्रकाश पांडे,अध्यक्ष राकेश पाठक,नरेन्द्र त्रिपाठी,राजेंद्र गर्ग, शिशिर पांडे,अशोक उपाध्याय, गोपाल पाठक,प्रवीण गौतम,अनिरुद्ध त्रिवेदी, सुरेंद्र तिवारी, राजेश मिश्रा,अनिल कुररिया,रवि दुबे,नरेन्द्र खम्परिया, सुनील तिवारी, माधव मिश्रा, राजकिशोर तिवारी, एम एल गौतम,हीराधर बडगैया, अवधेश दुबे,सुरज प्रसाद पाठक,आरडी तिवारी,अनिल दुबे,अरविंद उपाध्याय, राजेंद्र दुबे, आलोक पांडे,श्रीमति धर्मशीला दुबे,सतेन्द्र तिवारी, प्रशांत बाजपेई, शंशाक तिवारी, राजू तिवारी आदि ने सभी विप्रजन से समय पर आयोजन में पहुचने की अपील की है।

# भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा का भाजपा ने भव्य किया स्वागत

आज जबलपुर रानीताल से शुरू हुई भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा बड़े ही उमंग उल्लास के साथ निकली गई जिसमें बैंड ठोल और झकियाओ के साथ ही बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग और महिलाओं के अलावा जनप्रतिनिधीजन शामिल हुए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक के संयोजन में गढ़ाफाटक रोड पर भगवान परशुराम शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा की पूजन अर्चन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। तिलक वंदन और शरबत पेय जल से सभी शोभायात्रा में शामिल गणमान्य जनों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष, जी एस ठाकुर, डॉ पवन स्थाप्क, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोटिया विधायक इंदु तिवारी पूर्व महापौर प्रभात साहू पूर्व मंत्री शरद जैन,प्रदेश मंत्री आशीष दुबे। अभिलाष पांडे, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, जय सचदेवा,संदीप जैन राजेश मिश्र, पूर्व पार्षद नंद कुमार



यादव, चक्रेश नायक, रूपराम पटेल,अजय तिवारी सत्येंद्र शर्मा डॉ संजय चौधरी, अरविंद दुबे, जितेंद्र चांदोरकर, गणेश गुप्ता, अर्जुन सिंह, शिरीष अग्रवाल, प्रमोद पटेल, रविकिरण साहू, अमित राय, गोविंदा जाट,देव जाट, शुशील दुबे,प्रशांत तिवारी अंकित सेन दीपांशु मिश्रा, अक्षय झा, ऋषभ दास, अंकित दिवेदी, दीपक ठाकुर, आदि भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# महिला कल्याण संगठन द्वारा महिला रेल कर्मचारियों का सम्मान



**जबलपुर यश भारत।** मई दिवस के उपलक्ष में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्वास के द्वारा सतपुडा ऑफिसर क्लब में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जबलपुर मंडल के विभिन्न विभागों के समूह घ के 25 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती ललिता दिवाकर, कोषाध्यक्ष श्रीमती राधा गुप्ता, श्रीमती किरण राज, श्रीमती स्वामी एवं श्रीमती श्वेता तिवारी तथा श्रीमती साधना जैन उपस्थित थीं।कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र त्रिपाठी, मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक ने किया।

# तीन दिवसीय जबलपुर मॉम्स एंड किड्स कार्निवाल 6 मई से

**जबलपुर।** आगामी निकट भविष्य में जबलपुर एक विराट आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। होटल प्रिंस विराज द्वारा 6 मई से होटल के भव्य परिसर में जबलपुर मॉम्स एंड किड्स कार्निवाल का शानदार आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस बेहद आकर्षक कार्निवाल में बच्चों से लेकर उनकी मॉम्स के लिए कई और विशेष स्टॉल्स मौजूद होंगे। न केवल मॉम्स एंड किड्स बल्कि जेंट्स व युवा वर्ग के लिए भी कई आकर्षण होंगे। स्टम्फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, मर्सडीज बेंच व लैंडमार्क कार्स के सहयोग से आयोजित इस कार्निवाल में न केवल खाने पीने के स्टॉल्स, बल्कि किड्स फैशन शो भी होगा। साथ ही मॉम्स के लिए भी इसी तरह के खूबसूरत आयोजन किये जायेंगे। बच्चों के लिए झूले होंगे।

इसके अलावा वॉटर गेम और मैजिक शो बच्चों और ब?ों को जमकर लुभाएंगे। आयोजन में 6,7 व 8 मई को शाम 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक एक से ब?कर एक आयोजन किये जायेंगे।

### -पुरातत्व मुद्रा उत्सव का आयोजन

आयोजन के इस क्रम को और आगे बढाते हुए प्रिंस विराज होटल परिसर में ही 6,7 व 8 मई को पुरातत्व मुद्रा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मोहित राठौर ने बताया कि इस उत्सव में देश और दुनिया के विभिन्न देशों की मुद्राएं शामिल होंगी। सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में शिरकत करने के लिए दिल्ली, मुंबई के अलावा कांगो व बंगलादेश से लोग आ रहे हैं। प्रदर्शनी में प्राचीन मुद्राओं की लंबी श्रखंला आम जन का दिल जीत लेगी। यहां जहां एक ओर प्राचीन सिक्के,नोट, डाक टिकट होंगे तो वहीं एंटिक्स का भी अच्छा कलेक्शन होगा। प्रदर्शनी में एक रुपये से लेकर एक हजार रुपए तक के सिक्के प्रस्तुत किये जायेंगे। विदेशी करंसी का भी अद्भुत और अनोखा संग्रह उपलब्ध होगा।आम जनता के लिए ये प्रदर्शनी नि:शुल्क रहेगी।

### पुरातत्व मुद्रा उत्सव का आयोजन

आयोजन के इस क्रम को और आगे बढाते हुए प्रिंस विराज होटल परिसर में ही 6,7 व 8 मई को पुरातत्व मुद्रा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मोहित राठौर ने बताया कि इस उत्सव में देश और दुनिया के विभिन्न देशों की मुद्राएं शामिल होंगी। सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में शिरकत करने के लिए दिल्ली, मुंबई के अलावा कांगो व बंगलादेश से लोग आ रहे हैं। प्रदर्शनी में प्राचीन मुद्राओं की लंबी श्रखंला आम जन का दिल जीत लेगी। यहां जहां एक ओर प्राचीन सिक्के,नोट, डाक टिकट होंगे तो वहीं एंटिक्स का भी अच्छा कलेक्शन होगा। प्रदर्शनी में एक रुपये से लेकर




एक हजार रुपए तक के सिक्के प्रस्तुत किये जायेंगे। विदेशी करंसी का भी अद्भुत और अनोखा संग्रह उपलब्ध होगा।आम जनता के लिए ये प्रदर्शनी नि:शुल्क रहेगी।

# अक्षय तृतीया और परशुराम जयन्ती का आयोजन



**जबलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा द्वारा आज चेरीताल स्थित सभा भवन में अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी में अक्षय तृतीया के महात्मय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही भगवान परशुराम के पराक्रमी व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण करते हुए उनका अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। कायज्क्रम में प्रो. आशा पांडे, केके शुक्ला, कमलेश तिवारी, नीरजा वाजपेयी, साकेत शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, सरोज शुक्ला, सलिल तिवारी, सुनीति वाजपेयी, मंजरी शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## माल ढुलाई में भारतीय रेलवे ने किया सर्वोत्तम प्रदर्शन

**जबलपुर,।** भारतीय रेलवे ने वर्ष 2021-22 में माल ढुलाई में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया था, पिछले वर्ष के इस मोमेन्टम को इस साल अप्रैल 22 के महीने में भी बरकरार रखा है। भारतीय रेलवे ने अप्रैल 21 में 111.64 मीट्रिक टन लोडिंग की थी इसकी तुलना में इस साल अप्रैल 2022 में 10.5 मीट्रिक टन की वृद्धि दर्ज करते हुए 122.2 मीट्रिक टन प्रारंभिक माल लदान की लोडिंग कर दी है, जो कि पिछले साल की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रेलवे ने सितंबर 2020 से शुरू हुए रूझान को लगातार 20 महीनों तक निरन्तर बनाए रखा है, और अब तक के सबसे अच्छे मासिक आंकड़े दर्ज किए हैं। नेट टन किलोमीटर के मामले में भी अप्रैल'21 में 62.6 बिलियन से बढ़कर अप्रैल'22 में 73.7 बिलियन आंकड़े को छू लिया है, यानी 17.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इस वृद्धि के अन्तर्गत कोयले की मद में 5.8 मीट्रिक टन, खाद्यान्न में 3.3 मीट्रिक टन, उर्वरक में 1.3 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है।

# विजना घाट में भागवत ज्ञान यज्ञ महापुराण

जबलपुर। शहपुरा तहसील के ग्राम मगरमुहाँ स्थित विजना घाट में भागवत ज्ञान यज्ञ महापुराण आयोजन चल रहा है। यह आयोजन संतों की स्मृति में किया जा रहा है। इसमे ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र से पधारे श्री 108 ओमकार चैतन्य महाराज मार्कंडेय आश्रम कथा वाचन कर रहे हैं। कथा का मूल उद्देश्य कोरोना काल में शांति प्राप्त शर्माचार्यो को शांति प्रदा कराना है। आयोजन को सफल बनाने में, राकेश पटैल सोनू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत संजय सेंगर, मंगल सिंह परिहार, अर्जुन विश्वकर्मा राज ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## छितुरहा सकरा में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ, शोभा यात्रा निकाली



**जबलपुर।** पाटन तहसील ग्राम छितुरहा सकरा में चक्रानंद गिरी महाराज के सानिध्य में सभी ग्रामवासियों द्वारा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ के श्रीगणेश पर शोभा यात्रा निकाली जिसमें 1100 कलश लेकर कन्याएं भी शामिल हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे। पाटन थाना प्रभारी इकबाल खान जी का बहुत सहयोग रहा। रामकुमार यादव, बड़ा उदयभान सिंह, दीबू यादव मालगुजार, गजेन्द पटेल, कपिल यादव अतुल यादव अमन यादव आदि का सहयूग रहा।



## धूमा मंडल में भाजपा में बूथ को मजबूत करेंगे त्रिदेव(बूथ अध्यक्ष महामंत्री एवं बीएलओ)- जनपद उपाध्यक्ष और धूमा मंडल प्रभारी अनिल गोल्हानी

सिवनी धूमा (यश भारत)//आज दिनांक 30 अप्रैल 2022 को *भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मध्य प्रदेश में कुशाभाउ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष में संगठन की मजबूती के लिए संगठन पर्व के तहत अनेक कार्य भाजपा द्वारा किए जा रहे हैं। इसी श्रृखला में आगामी 30 अप्रैल व 1 मई सिवनी जिले के चारों विधानसभा के मंडल स्तर पर त्रिदेव प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है। *प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे हैं मंडल अध्यक्ष चंदकान्त शर्मा ने बताया कि जिसमें आज लखनादौन विधानसभा के मंडल धूमा में आयोजित त्रिदेव वर्ग प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व विधायक शशि ठाकुर जी, भारतीय जनता पार्टी के धूमा मंडल प्रभारी श्री अनिल गोल्हानी जी ने त्रिदेव जिसमें बूथ के अध्यक्ष महामंत्री और एवं बीएलओ का प्रथम सत्र में प्रशिक्षण संपन्न हुआ* उसके बाद दूसरे सत्र में सोशल मीडिया आईटी विभाग के समस्त पद अधिकारी एवं कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। *कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के धूमा मंडल के प्रशिक्षक अनिल



गोल्हानी जी ने उपस्थित समस्त बूथों के अध्यक्षों महममंत्रियो एवं बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज प्रदेश में 64,634 बूथों के लगभग एक लाख 75 हजार बूथ अध्यक्ष-महामंत्री और बी एल ए को प्रशिक्षण दे रही है। साथ ही 25000 साइबर योद्धाओं को भी सोशल मीडिया आईटी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें जिला सिवनी के धूमा मंडल में आप को प्रशिक्षण देने पहुंचा हूं। भारतीय जनता पार्टी हमारे बूथ कार्यकर्ताओं को इस बात का गर्व है कि हमारा संगठन विश्व का सबसे बड़ा कार्यकर्ताओं वाला संगठन हैं और हमारे नेता व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विश्व के सार्वाधिक लोकप्रिय राजनेता हैं। हमारे पितृपुरुष श्रद्देय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने मध्य प्रदेश में भाजपा को सींचने का महत्वपूर्ण काम किया। संगठन के विस्तार में उनका कृतित्व और व्यक्तित्व सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंज हैं।

# युवो ' ने दी प्रतिभाओं को नयी ऊर्जा

**जबलपुर।** जबलपुर के हर नागरिक के लिये ये गौरव का क्षण था, जब उसकी प्रतिभाओं का सम्मान एक राष्ट्रीय स्तर के मंच से किया गया। ये मंच था युवो वीडियो नाइट्स 2022 का। ज्ञानगंगा कॉलेज के विशाल परिसर में आयोजित इस भव्य आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इन श्रेणियों में जहां एक ओर उद्योगपति एवं चिकित्सा जगत की हस्तियां शामिल थीं, वहीं दूसरी ओर गायन और सोशल वर्क करने वाले हुनरमंद भी शामिल थे। युवो वीडियो ने जबलपुर की इन प्रतिभाओं का सम्मान करके न केवल उन्हें प्रोत्साहित किया है,बल्कि आने वाली पीढी को भी एक लक्ष्य दिया है कि वो किस राह पर आगे बढे। आयोजन को सफल बनाने में युवो वीडियो के संचालक मंडल के गुरमुख आहूजा, अखिल चावला, रौनक उपाध्याय, श्याम आहूजा,रिशिन पॉल, एंब्रोस रेमी पीटर, नितेश बजाज, ज्योति छाबरा, निकिता गंगवानी, काजल साधवानी, हर्ष लालवानी ने विशेष योगदान दिया।



**-गायन में इशिता और उद्योगपति में रोहित खटवानी**

युवो अवॉर्ड नाईट्स 2022 में जहां एक ओर सिंगिंग के लिए शहर की लाडली इशिता विश्वकर्मा को सम्मान से नवाजा गया तो वहीं उद्योग जगत में बेहतरीन कार्य करने के लिये रोहित खटवानी को सम्मान प्रदान किया गया। फिटनेस को लेकर उम्दा प्रदर्शन करने के लिये बृजेंद्र सिंह को व ट्विंकल चौरसिया, सोशल वर्क के लिये अर्जुन पुरुषवानी,यूट्यूब के जरिये शहर का नाम रोशन के लिये विनय चक्रवर्ती, मॉडलिंग के लिये रौनक उपाध्याय व सृष्टि उपाध्याय को सम्मान प्रदान किया गया। इसी कडी में, उद्योग व व्यवसाय में शानदार प्रदर्शन करते हुये संस्कारधानी का नाम उजागर करने के लिये हेल्थ सेक्टर के लिये जितेंद्र जामदार, फूड सेक्टर राज छाबडिया, शिक्षा में ज्ञानगंगा कॉलेज,फॉर्मेसी सेक्टर विनोद मेडिकोज,वस्त्र उद्योग के लिये जेठा खत्री, आटोमोबाइल सेक्टर में स्पर्श केमतानी,परिवहन क्षेत्र में सुनील भागचंदानी को सम्मान के लिये चुना गया। इसी कडी में उद्योगजगत के लिये विशेष श्रेणी के सम्मान के लिये रोहित खटवानी को सम्मानित किया गया। इन्फ्लूएंसर आफ द ईयर के लिये आशी वर्मा, स्टार्ट-अप आफ द ईयर के लिये युवो व एम्प्लाई आफ द ईयर का सम्मान ज्योति छाबरा को हासिल हुआ।

## पुनरुत्पादक कृषि और टिकाऊ सोर्सिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स ने मध्यप्रदेश सरकारए किसानों और नागरिक समाज के साझेदारी की

**भोपाल।** लॉड्स फ़ाउंडेशन, आईडीएच द सस्टेनेबल ट्रेड इनिशिएटिव और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया द्वारा स्थापित पुनरुत्पादक उत्पादन परिदृश्य कोलेबोरेटिव ;आरपीएलकोलेबोरेटिव नेइंडिटेक्सए एचएंडएम रुपए आइकिया, न्यूट्रल,पेप्सिको इंडियाए समुन्नति फाइनेंस, जयंती स्पाइसेस, आईएलआई फ़र्म्स और एसवीएग्री के साथ मिलकर सार्वजनिक .निजी. सामुदायिक भागीदारी ;कॉम्पैक्ट्स के गठन की शुरुआत की है। बहु.हितधारक कॉम्पैक्ट में नागरिक समाज संगठन सृजनए एक्शन फ़ॉर सोशल एडवांसमेंटए आगा खान ग्रामीण सपोर्ट प्रोग्राम और किसान उत्पादक संगठन जैसे प्रमुख.निर्णय निर्माता भी शामिल हैं। पहला कॉम्पैक्ट मध्य प्रदेश ;एमपी के छिंदवाड़ा जिले में बनाया जा रहा हैए जो 20,000 किसानों तक पहुंचेगाए और 20,000 हेक्टेयर को पुनरुत्पादक कृषि प्रथाओं के तहत लायेगा। दूसरा कॉम्पैक्ट पश्चिमी मध्यप्रदेश के आठ जिलों को कवर करेगाए जिसमें राज्य में 1,20,000 किसानों तक पहुंचने के लिए नर्मदा बेसिन के कुछ हिस्से शामिल होंगे। आरपीएल कोलेबोरेटिव मिट्टी के स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करनेए छोटे किसानों की आयब ढ़ानेए पानी की पहुंच में सुधारए जैव विविधता को



बढ़ाने और बहु.हितधारक कॉम्पैक्ट्स के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में योगदान देता है। कॉम्पैक्ट के सदस्य बड़े पैमाने पर सस्टैनेबिलिटी और सामाजिक प्रतिबद्धताओं का लाभ उठाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं और परिदृश्य स्तर पर टिकाऊ परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता जुटाते हैं। यह व्यवसायों को समावेशी आपूर्ति श्रृंखला संबंध बनाते समय जिम्मेदार तरीके से स्रोत बनाने की अनुमति देता है, छोटे किसानों और समुदायों को निर्णय लेने में अधिक भागीदारी के माध्यम से फलने.फूलने का अवसर देता देताहैए और उत्पादकों को प्राकृतिक और पुनरुत्पादक कृषि सिद्धांतों का उपयोग करके कृषि.जिंसों की खेती को बढ़ावा देताहै एजो प्राकृतिक संसाधनों को बहाल करते हैं और कृषि तंत्र से उत्सर्जन को कम करते हैं।

# कोलकाता को आखिरकार मिली जीत राजस्थान से लिया पिछली हार का बदला

## नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने दिलाई जीत







कोलकाता नाइट राइडर्स ने लगातार पांच हार के बाद फिर से जीत का स्वाद चख लिया। कोलकाता ने राजस्थान को सात विकेट से हराकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की और पिछली हार का बदला भी लिया। राजस्थान ने इससे पहले कोलकाता को इस सीजन की पहली भिड़ंत में सात रन से हराया था और इस बार नाइट राइडर्स ने जीत दर्ज कर हिसाब बराबर कर लिया। श्रेयस अय्यर की अगुआई में केकेआर ने राजस्थान के 153 रन के लक्ष्य को तीन विकेट खोकर और पांच गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। केकेआर अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। कोलकाता की तरफ से नितीश राणा और रिंकू सिंह ने मैच जिताऊ पारियां खेली और चौथे विकेट के लिए 38 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी की। नितीश 37 गेंदों में 48 और रिंकू सिंह 23 गेंद में 42 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के 153 रन के लक्ष्यय का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही। नई सलामी जोड़ी के बावजूद टीम को एक अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई। आरोन फिंच और बाबा इंद्रजीत पहले पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गए। फिंच ने चार तो इंद्रजीत ने 15 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने हालांकि इसके बाद नितीश राणा के साथ मिलकर पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 60 रन की अहम साझेदारी की। श्रेयस लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और 13वें ओवर में 34 रन बनाकर बोल्ट की गेंद पर आउट हुए। नितीश राणा ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया और रिंकू सिंह के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों ने 38 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी निभाई और टीम को जीत दिलाने में कामयाब रहे। कोलकाता ने इससे पहले मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतकर राजस्थान को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और देवदत्त पडिक्कल तीसरे ही ओवर में सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए। जोस बटलर और संजू सैमसन ने इसके बाद मिलकर पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़े। लेकिन बटलर इस बार बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और 25 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हो गए। संजू सैमसन ने इसके बाद करुण नायर और रियान पराग के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां की लेकिन टीम का रन रेट बेहद कम रहा। सैमसन ने इस दौरान 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि 18वें ओवर में 49 गेंद में 54 रन बनाकर आउट हुए। शिमरोन हेटमायर ने इसके बाद आखिरी के ओवरों में तेजी से रन बनाए और टीम के स्कोर को 150 के पार पहुँचाया। हेटमायर 13 गेंदों में 27 रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता की तरफ से टिम साउदी दो विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे।



# लॉकडाउन में शमी ने की आईपीएल में मोहसिन दिखा रहे जलवा

### सीजन में ले चुके हैं आठ विकेट

प्रथम श्रेणी क्रिकेटर इमरान खान जब अपने छोटे भाई मोहसिन खान को कोचिंग के लिए बदरुद्दीन सिद्दीकी के पास लेकर गए, तो कोच को समझ में नहीं आया कि मुरादाबाद (यूपी) के संबल इलाके के इस दुबले और नाटे लड़के को क्या सिखाएं। वहीं लड़का आईपीएल टूर्नामेंट में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए चार मैचों में 8 विकेट लेकर जाना-माना नाम बन चुका है। बदरुद्दीन यूपी में उन कोचों में से हैं, जिन्होंने मोहम्मद शमी को उनके शुरुआती दिनों में क्रिकेट की की कोचिंग दी थी। लॉकडाउन के दौरान मोहसिन ने शमी से भी गेंदबाजी के गुर सीखे, जिसका असर आईपीएल में दिख रहा है। लीग में लखनऊ टीम अब तक 10 में से 7 मैच जीत चुकी है।

### कोच बोले- कद देखकर नहीं लगा था गेंदबाज बनेगा

बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, एक दशक पहले मोहसिन का बड़ा भाई इमरान मेरी एकेडमी में आता था। उस समय तक मोहम्मद शमी कोलकाता चला गया था और रणजी ट्रॉफी खेलता था। तब इमरान ने बताया कि उसका छोटा भाई क्रिकेट खेलना चाहता है और क्या वह उसे अभ्यास के लिए ला सकता है। मोहसिन गेंदबाजी करते हुए अचानक बल्ला उठा लेता था। कई बार बातें भी अनसुनी भी कर देता था। 10 साल पहले उसकी कद-काठी देखकर नहीं लगा था कि वह तेज गेंदबाज बनेगा। अब उसका खेल निखर गया है। उसने फोकस के साथ अभ्यास शुरू कर दिया। वह गेंदबाज के साथ-साथ उम्दा बल्लेबाज भी है।

### शमी के निजी मैदान पर मोहसिन ने किया अभ्यास

मोहसिन मूल रूप से सफेद गेंद का गेंदबाज था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण 2020 में पहले लॉकडाउन के बाद उसे अमरोहा में मोहम्मद शमी की रिहायशी एकेडमी में गेंदबाजी का मौका मिला। शमी के पास अपने शहर में निजी मैदान है, जहां उन्होंने टर्फ पिचें लगाई हैं। लॉकडाउन के दौरान बदरुद्दीन के साथ वह, उनका छोटा भाई मोहम्मद कैफ और मोहसिन वहां अभ्यास करते थे। बदरुद्दीन ने कहा कि यह काफी छोटा समूह था और मैंने मोहसिन को बुलाया, ताकि वह शमी को देखकर सीख सके। मैं चाहता था कि शमी भी उसे देखे और कुछ सलाह दें। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि शमी उससे प्रभावित हुआ है और उसे काफी टिप्स दिए। वह अक्सर मोहसिन के बारे में पूछता था।



# लाइव मैच में गौतम गंभीर ने आपा खोया

### गुस्से में गाली देते दिखे लखनऊ के मेंटर

आईपीएल 2022 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को छह रन से हरा दिया। मैच जीतने के बाद जहां एक तरफ टीम के खिलाड़ी और फैन्स जश्न मनाने में डूबे थे, वहीं दूसरी तरफ टीम के मेंटर गौतम गंभीर का एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिससे फैन्स हैरान रह गए। लखनऊ की जीत के बाद गौतम गंभीर काफी जोश में आ गए थे और वह आपा खो बैठे। जीत के बाद गंभीर अपने बेंच से उठ गए। इसके बाद जोश में उनके मुंह से अपशब्द भी निकले। यह मुकाबला आखिरी ओवर तक पहुंच गया था और जैसे ही लखनऊ ने दिल्ली को 20 ओवर में 189 रन पर रोका, यह घटना उसी वक्त हुई। रोमांचक मुकाबले को देखकर गंभीर जोश से भर गए थे और खुद की भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, दिल्ली को आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी और स्ट्राइक पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव थे। वहीं, गेंदबाजी मार्कस स्टोइनिस के हाथों में थी। हालांकि, 20वें ओवर में दिल्ली की टीम 14 रन ही बना सकी और छह रन से मैच हार गई। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई। वहीं, दिल्ली की टीम छठे स्थान पर मौजूद है। दिल्ली को अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच मई को खेलना है। वहीं, लखनऊ को अगला मैच सात मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलना है।

# आजमा फलाह पहुंची ग्रैंड फिनाले चार्जशीट राउंड में

### पायल रोहतगी ने सेलेक्शन पर उठाया सवाल



नई दिल्ली। सोमवार को %लॉक अप% के मेकर्स ने ग्रैंड फिनाले की घोषणा कर दी है और इसी के साथ शो में बचे हुए कैदियों के बीच आगे बढ़ने की जंग और भी कांटों भरी हो गई है। इस बीच शो का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें कंटेस्टेंट्स के बीच अगले राउंड में आगे बढ़ने के लिए वोटिंग कराई गई और ग्रैंड फिनाले के लिए पहला कैदी चुनने का मौका दिया गया। जिसमें आजमा फलाह बाजी मार गईं।आल्ट बालाजी ने अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। जिसमें एक गार्ड जेल के अंदर आता है और सभी से पिक और डिच करने के लिए कहता है। यानी अपना पसंदीद कैदी का नाम लेने के लिए कहता है और बतात है कि जिसे सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे। वह ग्रैंड फिनाले के चार्जशीट राउंड के लिए क्वालीफाई हो जाएगा और वह खुद भी अपने साथ किसी एक कैदी को अगले राउंड के लिए ले जा सकता है।जिसके बाद ज्यादातर वोट आजमा के पक्ष में पड़ते हैं और वह अगले राउंड में पहुंच जाती हैं। इसके बाद वह अपने साथ आगे बढ़ने का मौका किस कैदी को देती हैं, यह जानने के लिए सोमवार का एपिसोड देखना पड़ेगा क्योकि प्रोमो में दूसरे फाइनलिस्ट के नाम का खुलासा नहीं किया गया। हालांकि, आजमा के आगे बढ़ने पर पायल रोहतगी ने सवाल उठाया और इस दौरान उनकी मुनव्वर और प्रिंस से बहस भी हो गई।लॉक अप के मेकर्स ने अल्ट बालाजी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक और वीडियो शेयर करते हुए ग्रैंड फिनाले की घोषणा की है। जिसमें बताया गया है कि आने वाले 5 दिनों में शो खत्म हो जाएगा और इसके साथ ही लॉक अप को अपना विजेता भी मिल जाएगा। दस हफ्ते पहले शुरू हुए इस शो में अलग-अलग फील्ड से आए हुए 20 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। इनमें से कुछ बाहर हो गए तो कुछ की वाइल्ड कार्ड एंट्री भी हुई।कई हफ्तों तक की जद्दोजहद के बाद इस वक्त लॉक अप में अंजलि अरोड़ा, सायशा शिंदे, मुनव्वर फारूकी, शिवम शर्मा, प्रिंस नरूला, आजमा फलाह, पायल रोहतगी और पूनम पांडे बचे हुए हैं। आने वाले 5 मई को लॉक अप का ग्रैंड फिनाले है और इस दिन इन सभी में से कोई एक ट्रॉफी जीतकर अपने घर ले जाएगा।

# भारत की संस्कृति से प्रभावित हैं डॉक्टर स्ट्रेंज, कहा- एमसीयू के लिए ये बॉलीवुड अभिनेता हैं परफेक्ट



हॉलीवुड अभिनेता बेनेडिक्ट कंबरबैच की डॉक्टर स्ट्रेंज इन मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। भारत में फिल्म के क्रेज को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म अगले चार दिनों में और 10 करोड़ रुपये की कमाई कर लेगी। जिसके बाद %डॉक्टर स्ट्रेंज 2% के एडवांस बुकिंग का कुल कलेक्शन 30 करोड़ तक पहुंच जाएगा। बता दें कि केवल भारतीय ही डॉक्टर स्ट्रेंज के मुरीद नहीं हैं, बल्कि बेनेडिक्ट कंबरबैच भी भारत के दिवाने हैं।

# शक्ल भी नहीं देखना चाहता...

## अली मर्चेंट ने एक्स वाइफ सारा खान पर निकाली अपनी भड़ास



नई दिल्ली। सारा खान और अली मर्चेंट ने बिग बॉस सीजन 4 में नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे से शादी की थी। हालांकि शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों के रिश्ते में दरार आई और दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए। लेकिन 12 साल के बाद एक बार फिर से दोनों का कंगना रनोट की अत्याचारी जेल %लॉकअप% में एक-दूसरे से आमना-सामना हुआ। जहां सारा खान शुरुआत से ही शो का हिस्सा बनी, तो वही अली मर्चेंट ने शो में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की। सारा के बाद अब अली भी शो से बाहर हो चुके हैं और उन्होंने बाहर आते ही अपनी एक्स वाइफ और टेलीविजन अभिनेत्री सारा खान पर निशाना साधा है।अली मर्चेंट ने हाल ही में ई टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अपनी एक्स वाइफ सारा पर अपना गुस्सा व्यक्त किया। अली मर्चेंट ने बातचीत में कहा, %जो लोग दूसरों के बारे में बुरा सोचते हैं, उनके साथ अच्छा कभी भी नहीं होता। उन्हें न तो दर्शकों का प्यार मिला और न ही कैदियों का समर्थन। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो दूसरे के नाम का फायदा उठाकर किसी के काम को ख़राब करूं। मुझे पता है इस इंडस्ट्री में लाइमलाइट में रहने के लिए लोग बहुत कुछ करते हैं और मेरे साथ भी अतीत में दुर्भाग्य से विवाद हुआ है, लेकिन उसमें मेरी कोई गलती भी नहीं था। मैं उन्हें(सारा खान)को कोई भी इम्पोर्टेंस नहीं देना चाहता हूं, क्योंकि मैं खुद के लिए अच्छा कर रहा हूं और अभी अपनी जिंदगी के काफी अच्छे फेस में हूं। मैं किसी का इस्तेमाल नहीं करता लाइम लाइट में रहने के लिए। मैं अपनी एक्स सारा खान का चेहरा दोबारा देखना भी नहीं चाहता हूं। दरअसल जब अली मर्चेंट शो में गए थे तो उस दौरान सारा उन्हें देखकर काफी खफा हुई थी, और उन पर ये इल्जाम लगाया था कि वह उनके नाम पर इस शो में आए हैं। दोनों के बीच पुरानी बातों को लेकर काफी झगड़ा भी हुआ था। जहां सारा खान ने करणवीर के सामने ये खुलासा भी किया था कि आज भी अली उन्हें मैसेजेस करते हैं।

# 15 साल की मासूम बनने वाली थी दुल्हन

# सात फेरों की पिता ने कर ली थी तैयारी ऐन मौके पर आ पहुंचे अफसर



**जबलपुर, यशभारत। खेलने-कूदने के दिन में नन्हें हाथों पर मेहंदी लगाने की तैयारी कर ली गई, मंडप सज गया, मेहमानों को बुला लिया गया। सात फेरे लेने की अंतिम तैयारियों को पूरा किया जा रहा था। लेकिन ऐन मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर सारी तैयारियों में पानी फेर दिया, मासूम को कच्ची उम्र में दुल्हन बनने से रोक दिया।**

पूरा मामला बरगी विधानसभा के शहपुरा ग्राम कौलोन का है। यहां पर एक पिता और उनके रिश्तेदारों ने 15 साल की मासूम का विवाह तय कर दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मासूम का विवाह होने वाला था लेकिन महिला एवं विकास विभाग को इसकी जानकारी पहुंची तो मौके पर जाकर बाल विवाह को रूकवाया गया और परिजनों को समझाइश दी गई वह 18 वर्ष पार होने के बाद ही लड़की का विवाह कराएं।

## महिला बाल विकास अधिकारियों ने रुकवाया बाल विवाह

शहपुरा बाल विकास आंगनवाडी परियोजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहपुरा एसडीएम अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में बाल विवाह रुकवाया गया । आगे उन्होंने बताया कि ग्राम कुलोन की बालिका उम्र 15 वर्ष का विवाह बेलखेड़ा पावला निवासी अजय के साथ होने जा रहा था आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बालिका की अंकसूची के अनुसार जन्मतिथि 09/02 /2007 अंकित है। उक्त प्रमाण के आधार पर माता पिता और परिवार वालों को समझाइश देकर बाल विवाह का कार्यक्रम रोक दिया गया माता-पिता ने शपथ पत्र लिखा की पुत्री के 18 वर्ष होने के पश्चात विवाह करेंगे कार्यवाही के दौरान परियोजना अधिकारी पुलिस विभाग की टीम मौजूद थी

# जिलहरी घाट में महिला को गोली मारी

### शादी समारोह के दौरान हुआ विवाद

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट के जिलहरी घाट क्षेत्र में सोमवार की रात एक शादी समारोह में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खाना खाने के विवाद पर एक युवक ने महिला पर गोली चला दी। गोली महिला के पेट और कमर को छूते निकल गई। हालांकि इस घटना में किसी हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्वारीघाट पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण को जांच में लिया और आरोपी की तालाश शुरू कर दी है। ग्वारीघाट पुलिस ने बताया जिलहरीघाट निवासी अमर अहिरवार और पत्नी आरती अहिरवार ने शिकायत की एक रिश्तेदार की शादी में गए हुए थे। सभी के साथ वह खाना खा रहे थी इसी बीच भरत ठाकुर पहुंचा और बेवजह गाली-गलौज करने लगा। उसे मना किया गया कि वह शादी समारोह में गाली-गलौज न करें ऐसा कहने पर भरत आग-बबूला हो गया और झमा झपटी करने लगा। थोड़ी देर बाद भरत ने कमर में खोंसे कटटे को निकाला और फायर कर दिया। एक गोली उसके कमर और दूसरी गोली पेट के किनारे से निकल गई। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी को खोजबीन शुरू कर दी है।







































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)